

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



एमपी में कांग्रेस का आंतरिक सर्वे ..4





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com



सोमवार, 02 जनवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 13 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# किम जोंग उन ने परमाणु शस्त्रागार में तेजी से विस्तार करने का आदेश दिया

सियोल। उत्तर कोरिया ने नए साल के पहले ही दिन रविवार को एक मिसाइल का परीक्षण किया। वहीं उसके नेता किम जोंग उन ने अपने देश के परमाणु शस्त्रागार का विस्तार करने और नई व अधिक शक्तिशाली अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने का आदेश दिया है। उत्तर कोरिया ने पिछले साल रिकॉर्ड संख्या में मिसाइलों का परीक्षण किया। किम जोंग कई बार यह संकल्प ले चुके हैं कि वे 'अमेरिका की दुश्मनी' से निपटने के लिए मुल्क के शस्त्रगार की गुणवत्ता और क्षमता दोनों को बढ़ाएंगे। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि किम जोंग का अधिक परमाणु और नई हथियार प्रणालियों का उत्पादन पर जोर भविष्य में होने वाली वार्ताओं में उनकी स्थिति को मजबूत करने के लिए है। उत्तर कोरिया के अमेरिका साथ रिश्ते लंबे समय से तनावग्रस्त हैं। सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के मुताबिक, किम ने हाल में सत्तारूढ़ पार्टी की बैठक में कहा था कि "वे मानव इतिहास में अप्रत्याशित तौर पर उत्तर कोरिया को अलग थलग करने और दबाने पर लगे हुए हैं।" उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए सैन्य ताकत को मजबूत करने के लिए दोगुने प्रयास करने की जरूरत है जो उत्तर कोरिया की संप्रभुता, सुरक्षा और मौलिक हितों की सुरक्षा की गारंटी है। किम जोंग ने आरोप लगाया कि दक्षिण कोरिया अविवेकपूर्ण तरीके से खतरनाक हथियारों के निर्माण" पर तुला हुआ है और उत्तर कोरिया के साथ खुले तौर पर युद्ध की तैयारी का ढिंढोरा पीट रहा है। केसीएनसी के मुताबिक, किम जोंग ने कहा है कि परमाणु हथियारों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की जरूरत है। उन्होंने 'देश के परमाणु शस्त्रागार में तेजी से वृद्धि' करने का आदेश भी दिया। केसीएनए ने कहा कि किम ने एक अन्य अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया है, जिसका मकसद तेजी से जवाबी परमाणु हमला करना है। किम जोंग ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह दक्षिण कोरिया में परमाणु हमले के लिए हथियार तैनात कर रहा है और नाटो जैसा क्षेत्रीय सैन्य संगठन स्थापित करने की कोशिश में है। किम जोंग ने यह भी कहा



कि उत्तर कोरिया जल्द से जल्द अपना पहला सैन्य टोही उपग्रह भी प्रक्षेपित करेगा तथा इस बाबत तैयारी अपने अंतिम चरण में हैं। अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित सुरक्षा 'आरएएनडी' में सुरक्षा विशेषज्ञ सू किम ने कहा कि पार्टी की बैठक से किम जोंग की टिप्पणियां नव वर्ष के महत्वाकांक्षी संकल्प लगते हैं लेकिन उन्हें साकार करना मुश्किल है। पिछले महीने उत्तर कोरिया ने कई अहम परीक्षण किए थे जो नए रणनीतिक हथियारों के विकास के लिए जरूरी हैं। 'कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस' में विशेषज्ञ अंकित पांडा ने कहा कि उपग्रह का प्रक्षेपण अप्रैल में हो सकता है।किम जोंग के दिवंगत पिता और देश के संस्थापक की जयंती 15 अप्रैल को पड़ती है जिसे उत्तर कोरिया में धूम धाम से मनाया जाता है। केसीएनए ने कहा कि पार्टी बैठक में किम जोंग की रिपोर्ट ने साफ किया है कि देश के परमाणु हथियारों का पहला मिशन जंग रोकना है और शांति को सुनिश्चित करना है। उसके मुताबिक, अगर यह युद्ध रोकने में नाकाम रहते हैं तो "इनका दूसरा मिशन रक्षात्मक नहीं होगा।" उत्तर कोरिया की ओर से बढ़ते खतरों की वजह से अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपने सैन्य अभ्यासों की संख्या में इजाफा किया है और त्रिपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत किया जिसमें जापान भी शामिल है। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि रविवार तड़के उत्तर कोरिया ने मध्य क्षेत्र में मिसाइल परीक्षण किया। 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने एक बयान में कहा कि मिसाइल करीब 400 किलोमीटर की दूरी तक गई और फिर कोरियाई प्रायद्वीप तथा जापान के बीच जल क्षेत्र में गिर गई। बयान में इस प्रक्षेपण को 'गंभीर उकसावे वाला कदम' बताया गया है, जो कोरियाई प्रायद्वीप की शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकता है। उसमें यह भी कहा गया है कि दक्षिण कोरिया उकसावे भरी किसी भी हरकत से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उत्तर कोरिया ने पिछले साल 70 से ज्यादा मिसाइलों का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने रविवार को पुष्टि की कि उसके देश ने 'सुपर–लार्ज मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर' का परीक्षण किया है और यह हथियार की क्षमता को आंकने के लिए किया गया है। केसीएनए ने कहा कि शनिवार को तीन गोले दागे गए जोदेश के पूर्वी हिस्से के अपटतीय क्षेत्र में स्थित एक द्वीप में लक्ष्य पर जाकर लगे। उसने कहा कि उत्तर कोरिया ने रविवार को अपने पूर्वी जल क्षेत्र की ओर एक और गोला दागा।

# दिल्ली एनसीआर में अब नहीं जल सकेगा कोयला

## उपयोग पर लगी रोक, उल्लंघन करने पर भरना पड़ेगा जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में अब कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। दिल्ली में अब कोयले के अलावा अन्य ईंधनों का उपयोग करना भी प्रतिबंधित होगा। केंद्र सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने इस संबंध में फैसला किया है। दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से ये फैसला किया गया है। इन आदेशों का पालन ना करने वालों पर भी कड़ाई के साथ सख्ती की जाएगी। इस संबंध में आयोग के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि थर्मल पावर प्लांट में कम सल्फर कोयले का उपयोग किया जा सकता है। अगर किसी जगह पर आदेशों का पालन नहीं किया गया तो वहां भारी जुर्माना लगाया जाएगा। कोयले समेत गैर अनुमोदित ईंधन का उपयोग करने वाले उद्योगों को बंद करने के निर्देश दिए गए है।

### लागू हो चुके हैं निर्देश

बता दें कि एक जनवरी 2023 से पूरी दिल्ली एनसीआर में औद्योगिक, घरेलू और अन्य अनुप्रयोगों में कोयले के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश आयोग ने जून महीने में ही लागू कर दिए थे। रिपोर्ट के आधार पर जून में आए निर्देशों के बाद से उद्योंगों को स्वच्छ ईंधन से चलाने के लिए कंपनियों को काफी समय मिला है।



### वाहनों के प्रदूषण को कम करने के लिए भी उपाय

केंद्र सरकार ने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए भी खास तैयारी की है। केंद्र के वायु गुणवत्ता पैनल ने निर्देश दिया है कि एक जनवरी तक सीएनजी और इल्क्ट्रिक ऑटो पंजीकृत करना होगा। एनसीआर में भी डीजल वाहनों का रजिस्ट्रेशन करना होगा। बता दें कि आने वाले वर्षों में एनसीआर में सिर्फ सीएनजी और ई ऑटो चलाए जाने की योजना है। आयोग के अनुसार वर्ष 2027, एक जनवरी तक इस योजना को पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा।

# नए साल की पहली सुबह काबुल के सैन्य्य अड्डे पर भीषण विस्फोट

## कई लोगों के मारे जाने की आशंका

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में नए साल की पहली सुबह सैन्य्य अड्डे पर ब्लास्ट की खबर सामने आई है। मीडिया के अनुसार, काबुल में मिलिट्री एयरपोर्ट के गेट के बाहर एक ब्लास्ट हुआ है। इस ब्लास्ट में कई लोगों के मारे जाने और घायल होने की आशंका जताई जा रही है। तालिबान के गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने इस बात की



पुष्टि कर दी है। सरकार ने मौतों की पुष्टि कीः अब्दुल नफी ताकोर ने बताया, श्आज सुबह काबुल सैन्य हवाई अड्डे के बाहर एक विस्फोट हुआ, जिसके कारण हमारे कई नागरिक मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं।श काबुल में हुए इस ब्लास्ट के पीछे की वजह अभी पता नहीं चल पायी है। तालिबान सरकार ने मरने वालों या घायलों का कोई भी आंकड़ा जारी नहीं किया है। लेकिन अब्दुल नफी ताकोर ने कहा है कि मामले की जाँच की जा रही है। अफगानिस्तान में लगातार हो रहे हैं हमलेः अफगानिस्तान में पिछले एक महीने में कई ब्लास्ट होने की खबरें आ चुकी हैं। अभी हाल ही में तालुकान शहर में एक भीषण धमाका हुआ था। इस हमले में चार लोग घायल हो गए थे। इससे पहले 12 दिसंबर को काबुल में एक चीनी होटल पर हमला हुआ था। हमलावरों ने होटल में घुसकर फायरिंग भी की थी। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे, जिनमें 10 मंजिला इमारत से धुएं का गुबार उठता देखा गया।

### तृणमूल कांग्रेस का स्थापना दिवस

# ममता ने लिया देश के संघीय ढांचे को मजबूत बनाने का संकल्प

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने रविवार को पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी और देश के संघीय ढांचे को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का गठन एक जनवरी, 1998 को हुआ था। बनर्जी ने कांग्रेस छोड़कर टीएमसी के रूप में अपनी राजनीतिक पार्टी बनाई थी। बनर्जी ने कहा, "वे सभी जिन्होंने शुरू से ही हमारा समर्थन किया है और विभिन्न राज्यों में पार्टी में शामिल हुए हमारे नए सदस्य मिलकर अपने महान देश के संघीय ढांचे को मजबूत बनाना जारी रखेंगेय हम लोगों की सेवा में खुद को समर्पित करते हैं और एक बार फिर उनका कल्याण सुनिश्चित करने का वादा करते हैं।" तृणमूल कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने दावा किया कि 2024 में केंद्र में विपक्षी दलों के नेतृत्व में सरकार बनेगी और तृणमूल कांग्रेस उसकी "धुरी" के रूप में उभरने का संकल्प लेती है। टीएमसी महासचिव घोष ने कहा, "यह वास्तव में बहुत गर्व और सम्मान की बात है कि टीएमसी ने आज अपने 25वें वर्ष में कदम रखा है, जिसमें से 13 साल से हम पश्चिम बंगाल में सत्ता में हैं। अब हमारा लक्ष्य 2014 में विपक्षी दलों के नेतृत्व में बनने वाली केंद्र सरकार की धुरी के रूप में उभरना है। हम जनता को एक विकल्प प्रदान करना चाहते हैं।

# कोरेगांव भीमा लड़ाई की 205वीं वर्षगांठ के मौके पर जय स्तंभ पर एकत्र हुए सैंकड़ों लोग

पुणे। कोरेगांव–भीमा लड़ाई के 205 वर्ष पूरे होने के मौके पर रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच राजनीतिक नेताओं समेत सैंकड़ों लोग महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित जयस्तंभ सैन्य स्मारक पहुंचे। एक जनवरी, 2018 को कोरेगांव–भीमा में हुई हिंसा के मद्देनजर स्मारक के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी। पुणे के प्रभारी मंत्री चंद्रकांत पाटिल स्मारक पर जाने पर स्याही फेंके जाने की धमकी मिलने का हवाला देते हुए वहां नहीं गए। पाटिल पर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर और समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के बारे में उनके विवादित बयान को लेकर परोक्ष तौर पर विरोध को लेकर पिछले महीने पुणे जिले के पिंपरी कस्बे में एक कार्यक्रम के दौरान स्याही फेंक दी गई थी। दलित विमर्श के अनुसार एक जनवरी, 1818 को कोरेगांव भीमा में पेशवा की फौज से लड़ने वाली ब्रिटिश सेना में ज्यादातर दलित महार समुदाय के सैनिक शामिल थे, जिन्होंने पेशवा के जातिवाद से मुक्ति के लिए युद्ध छेड़ा था। हर साल इस दिन, बड़ी संख्या में लोग मुख्य रूप से दलित समुदाय के व्यक्ति जयस्तंभ पहुंचते हैं। अंग्रेजों ने कोरेगांव भीमा की लड़ाई में पेशवा के खिलाफ लड़ने वाले सैनिकों की याद में यह



स्मारक बनवाया था। एक जनवरी, 2018 को ऐतिहासिक युद्ध की 200वीं वर्षगांठ के दौरान कोरेगांव भीमा गांव के पास हिंसा भड़क गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। पुलिस के अनुसार, एक दिन पहले पुणे शहर में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन में दिए गए भड़काऊ भाषणों की वजह से हिंसा भड़की थी। रविवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच बड़ी संख्या में लोग पुणे–अहमदनगर रोड पर पेरने गांव में फूल और रोशनी से सजे विजय स्तंभ पर एकत्रित हुए। वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर और शिवसेना (यूबीटी) की प्रवक्ता सुषमा अंधारे स्मारक पहुंचने वालों में शामिल थीं। हालांकि पुणे के प्रभारी मंत्री चंद्रकांत पाटिल किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए स्मारक पर नहीं गए। मंत्री ने एक प्रेस बयान में कहा, मुझे स्मारक जाने पर स्याही फेंके जाने की धमकी मिली है। मैं डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति हूं, इसलिए मैं अपनी छाती पर गोलियां खाने के लिए भी तैयार हूं। उन्होंने कहा, हालांकि, कुछ लोग चाहते हैं कि वहां कोई अप्रिय घटना या सांप्रदायिक दंगे हों। चूंकि बड़ी संख्या में लोग वहां बहुत आस्था के साथ जाते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा मेरे लिए महत्वपूर्ण है। लिहाजा, मैंने वहां नहीं जाने का फैसला किया। स्मारक पर आने वाले लोगों के लिए जिला प्रशासन ने पार्किंग सुविधाओं, शौचालयों, पानी और बस सेवाओं सहित व्यापक व्यवस्था कर रखी थी।






# नए साल पर ठंड का सितम जारी, शीतलहर से राहत मिलने के आसार नहीं

नए वर्ष 2023 की शुरुआत हो चुकी है। देश और दुनिया भर में लोग नव वर्ष का जश्न मना रहे है। वहीं उत्तर भारत में नए साल के मौके पर कड़कड़ाती ठंड का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर भारत के कई राज्यों में इस समय तापमान में लगातार गिरावट के साथ ठंड का कहर बढ़ता जा रहा है। उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों में तापमान गिरने से लोग काफी परेशान हो रहे है। जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान में गिरावट होने की आशंका है। भारत मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में 5 जनवरी तक घना कोहरा छाया रहेगा।



कोहरे के कारण दृष्यता काफी कम हो सकती है। कई इलाकों में हल्के बादल छाए रहने की भी संभावना है। इस दौरान हाड़ कंपाने वाली सर्दी का सामना भी आम जनता को करना पड़ेगा। उत्तर भारत में बढ़ रही सर्दी का मुख्य कारण पहाड़ी राज्यों में हुई बर्फबारी को बताया गया है।

दिल्ली में गिरा तापमानः दिल्ली और एनसीआर में तापमान 5–6 डिग्री तक तापमान गिर गया है। दिल्ली में ठंड बढ़ी है जिसके साथ तेज बह रही हवाओं में राहत मिली है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि नए साल से दिल्ली में ठंड अधिक बढ़ेगी। दिल्ली में कोल्ड वेव की आशंका मौसम विभाग ने जताई है, जिसका असर 3–6 जनवरी तक होगा। इन दिनों दिल्ली में हवा में प्रदूषण भी खतरनाक स्तर पर पहुंचा हुआ है।

### शीतलहर से होगा सामना

उत्तर भारत में एक जनवरी से शीत लहर फिर अपना प्रचंड रूप दिखाएगी। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में भी अब आगामी एक सप्ताह तक घना कोहरा छाया रहेगा। तापमान में गिरावट होने के साथ ही शीतलहर के कारण जनता को परेशान होना पड़ेगा। वहीं कोहरे के कारण कई जगहों पर विजिबिलिटी भी काफी कम हो गई है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत के कई इलाकों में शीतलहर के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी।

# रामपथ चौड़ीकरणः समाधान व निराकरण हेतु लगाया जाएगा कैंप

## —02 जनवरी से 15 जनवरी तक तुलसी उद्यान में लगेगा कैम्प

अयोध्या । जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी व उद्यमियों की समस्याओं तथा उनकी सुरक्षा विषयक प्रकरणों के त्वरित निस्तारण कराए जाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक कर उनके समस्याओं व सुरक्षा विषयक प्रकरणों पर चर्चा की। इस दौरान जिलाधि ाकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को व्यापारी बंधुओं की समस्याओं का सुगमता के साथ त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराने के निर्देश दिए बैठक में जिलाधिकारी ने रामपथ के चौड़ीकरण से प्रभावित व्यापारियोंध दुकानदारों की समस्याओंध्शंकाओं को गंभीरतापूर्वक एक–एक करके सुना तथा उनकी शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया तथा उनकी समस्याओं को निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 02 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक तुलसी उद्यान, अयोध्या में राम पथ व भक्ति पथ के चौड़ीकरणध्सुदृढ़ीकरण से प्रभावित दुकानदारोंध्भूस्वामियों की समस्याओंध्शंकाओं के समाधान व निराकरण हेतु कैंप लगाया जाएगा

जिसमें सभी संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारियों द्वारा भक्ति पथ व राम पथ के चौड़ीकरणध्सुदृढ़ीकरण से संबंधित दुकानदारों व भूस्वामियों की समस्याओंध शंकाओं को सुनकर उनका समाधानधनिराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओंध पर्यटकों की नियमित बढ़ती संख्या व उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अयोध्या को एक विश्व स्तरीय धार्मिक एवं पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत राम पथ, भक्ति पथ, राम जन्म भूमि पथ तथा धर्म पथ को स्मार्ट रोड के रूप में बनाने व उसमें उपलब्ध होने वाली आधुनिक सुविध ाओं की विस्तत जानकारी भी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी रामपथ व भक्ति पथ के दोनों तरफ के दुकानदारों मकान मालिकों से मार्ग की निर्धारित चौड़ाई के बाहर ही अर्थात अपनी भूमि में ही छज्जा व सीढ़ी बनानेध निकालने के निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापारियों द्वारा नगर पालिका परिषद रुदौली में मार्गों को खोदकर सीवर लाइन डालकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से मार्गो को न बनाए जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने नगर निकाय इकाई जल निगम उत्तर प्रदेश को 15 दिनों के भीतर सभी मार्गों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन अमित सिंह, एडीएम नगर सलिल कुमार पटेल, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर वीरेंद्र नारायण वर्मा, उपायुक्त प्रशासन राज्य कर आलोक कुमार, डीएसओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# जीर्णोद्वार किये गये पंचायत भवन का डीएम ने किया उद्घाटन

## ग्राम सचिवालय में स्थापित पुस्तकालय का किया निरीक्षण

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कायाकल्प योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत अमौना में जीर्णोद्वार किये गये पंचायत भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पंचायत भवनध्ग्राम सचिवालय में स्थापित पुस्तकालय का निरीक्षण तथा युवा ग्रामवासियोंध्अभ्यर्थियोंध प्रतियोगी छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित कर ज्ञान अर्जन के साध ानों, ज्ञान के महत्व एवं उसकी उपयोगिता की जानकारी प्रदान की।

इस दौरान पंचायत भवन परिसर में आयोजित सभा में जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों की समस्याओंध्आवश्यकताओं को जाना तथा सम्बंधित अधिकारियों को ग्रामवासियों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 22 स्वयं सहायता समूह क्रियाशील थे। समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्हें सरकार द्वारा रिवाल्विंग फण्ड तथा कम्यूनिटी इन्वेस्टेमेंट फण्ड की राशि प्राप्त हो चुकी है तथा इस सहयोग से उनके द्वारा अचार, किराये की दुकान, दूध, मिट्टी के दीयेध्बर्तन, कपड़ोध्ड्रेस आदि समूहों के सदस्यों को समन्वय बनाकर बेहतर से बेहतर कार्य करने एवं आत्मनिर्भर होनेध बनने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में अच्छे प्रकाशनों व लेखकों की विभिन्न परीक्षाओं की प्रतियोगी पुस्तकों को रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सामान्य ज्ञान, प्रतियोगिता दर्पण, न्यूज पेपर, मैगजीन तथा महिलाओं हेतु गृह शोभा आदि जैसी पुस्तकें नियमित रखने हेतु ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने हेतु किया गया इन्वेस्टमेंट सबसे महत्वपूर्ण इन्वेस्टमेंट है इसके दूरगामी एवं बहुत ही सुखदायी परिणाम प्राप्त होते है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ग्रामवासियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने ग्रामसभा में दिव्यांग लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन से लाभान्वित कराने हेतु ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया।

ग्राम पंचायत में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित रखने हेतु प्रधान को निर्देशित किया साथ ग्रामवासियों को भी साफ सफाई स्वयं भी करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्बीडियो के0के0 सिंह, डी0डी0 कृषि, डी0पी0आर0ओ0, ग्राम प्रधान अमौना सहित कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# देशभक्ति के रंग में सुरक्षा बलों का किया गया अभिनंदन

## अयोध्या महोत्सव में सीआरपीएफ के जवानों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

अयोध्या । सुरक्षा पर खतरा बाहरी हो अथवा आंतरिक जो अपनी जिम्मेदारियों का पूरे सामर्थ्य निवार्हन करते है। जिनके राष्ट्र के प्रति योगदान का ही असर है कि आज देश का प्रत्येक व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस करता है। अयोध्या महोत्सव का परिवेश में उस समय देशभक्ति का रंग फैल गया जब ऐसे सुरक्षा बलों का अभिनंदन किया गया। महोत्सव स्थल पर मौजूद लोग लगातार भारत माता की जय का जयघोष करते रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के कमांडेंट छोटेलाल व विशिष्ट अतिथि के रुप में सेकेन्ड इन कमान्ड सरकार राजा रमन, डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार, सहायक कमाडेंट भारतेन्द्र सिंह चौहान व आर एन चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीआरपीएफ के जवानों में रवीश कुमार ने देश भक्ति गीत भारत देश है मेरा, पंकज यादव ने तिरंग के सम्मान में नृत्य, गयादीन ने सोचेंगे तुम्हे प्यार की प्रस्तुति दी। वहीं संदेशे आते है गीत पर ग्रुप प्रोगाम पंकज यादव, शिव कुमार, सुरेन्द्र प्रताप, गयादीन, राहुल यादव, प्रभात व मुकेश ने प्रस्तुत किया। रामजन्म मौर्या ने रेलिया बैरन पिया को ले जाय रे की प्रस्तुति से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। अजय सिंह ने जादू दिखाया, शिव कुमार पंजाबी डांस, रवीश ने भोजपुरी सांग, पंकज यादव ने डांस, सुन्द्र प्रताप ने डांस व संत कुमार ने हिन्दी गाने की प्रस्तुति की।

एसपी सिटी मधुबन सिंह ने कहा कि आम आदमी को सुरक्षा व अपराधियों में भय का भाव जागृत करना पुलिस का कार्य है। अयोध्या महोत्सव हमारी संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां के मंच से आयोजित संस्कृति कार्यक्रम लोगो के भीतर देश प्रेम की भावना जागृत कर देते है। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे सैनिको व सुरक्षाबलों का देश के प्रति समपर्ण का परिणाम है कि आज हम अपने घरों में आराम से बैठे है। हम अपने घरों में दीपावाली, होली व अन्य त्यौहार मनाते है। परन्तु हमारे सुरक्षाबल विपरीत परिस्थितियों में भी देश के लिए अपना सर्वोच्च समपर्ण करने के लिए तैयार रहते है। इन जवानों की उपस्थिति जीवन में रियल हीरो की तरह है। जो हर परिस्थिति में हमारा साथ देने के लिए तैयार रहते है। ऐसे जवानों का अभिनंदन करने का सौभाग्य केवल भाग्यशालियों को ही मिलता है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के करीब 450 जवानों की उपस्थित रही। विजय यादव ने फरुवाही नृत्य की प्रस्तुति करके लोगो का मन मोह लिया। मौके पर रवि तिवारी, आकाश अग्रवाल, अरुण द्विवेदी, नाहिद कैफ, रेणुका रंजन श्रीवास्तव, बलवीर सिंह, स्वाती सिंह, रेगन सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, रवि चौधरी, विवेक पाण्डेय, विजय यादव, एसबी सागर, मोहित मिश्रा, रणजीत यादव, पूजा अरोड़ा, ऋचा उपाध याय, राजेश गौड़ मौजूद रहे।

## नए दौर की आधुनिकता ने खत्म कर दिया ग्रीटिंग कार्ड के अस्तित्व को

उन्नाव। ग्रीटिंग कार्ड का जमाना खत्म सा हो गया है। आज का युवा सीधे तौर पर किसी भी तरह के शुभकामनाएंश शुभ संदेश इंटरनेट व मोबाइल के माध्यम से भेज रहा है। इंटरनेट और मोबाइल के जमाने में ग्रीटिंग कार्ड का बाजार गुम हो गया। यूं कहिए कि व्हाट्सएप श ट्विटर श फेसबुकश इंस्टाग्राम के चलन के आगे ग्रीटिंग कार्ड का बाजार ही खत्म हो गया। आज युवा वर्ग से लेकर हर उम्र का व्यक्ति मोबाइल पर वीडियो कॉल कर अपने चाहने वाले और नाते रिश्तेदारों को शुभकामना संदेश दे रहे है। एक समय था जब दिसंबर माह में रंग बिरंगी ग्रीटिंग कार्ड्स शहर बाजार कस्बा की दुकान ग्रीटिंग कार्ड्स से सज जाते थे। खरीददारों की खासी भीड़ देखने को मिलती थी लोग समय से ग्रीटिंग कार्ड खरीद कर पोस्ट ऑफिस में छोड़ने जाते थे। पोस्टमैन घर घर ग्रीटिंग कार्ड वितरित करता था। लोग बड़ी बेसब्री के साथ ग्रीटिंग कार्ड का इंतजार करते थे कुछ लोग पत्र के माध्यम से शुभ संदेश शुभकामनाएं भेजते थे। आज हर घर में इंटरनेट फोन मौजूद है।

## चोरों ने लाखों का माल किया पार

कानपुर। आवास विकास 3 के अंबेडकर पुरम इलाके में खाली घर का फायदा उठाकर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया अंबेडकर पुरम निवासी संध्या डे की बेटी स्वर्णिमा गोसाईगंज की आर्यावर्त बैंक में कार्यरत है। संध्या अपनी बेटी से मिलने गुरसहायगंज गई थी। तभी खाली कर का फायदा उठाकर चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़ उसमें रखे दो लाख के जेवर पार कर दिए। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## होटल मालिक की तलाश में दबिश

कानपुर। रावतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धामीखेड़ा के निर्माणाध ीन होटल में लाइसेंसी राइफल से चली गोली की चपेट में आकर पेंटर की मौत के मामले में रावतपुर पुलिस की तीन टीमों ने फरार होटल मालिक और उसके ड्राइवर की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दी। गुरुवार दोपहर होटल मालिक गुड्डू सिंह की लाइसेंसी राइफल से चली गोली की चपेट में आकर हरदोई निवासी पेंटर रवि की मौत हो गई थी। इस मामले में रवि के पिता ने योगेश उर्फ गुड्डू सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट और उसके ड्राइवर संदीप के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रावतपुर एसओ ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## भावनात्मक लब्धता लाती है परीक्षा में सफलताः डा. आलोक

अयोध्या। बोर्ड एग्जाम की डेट शीट आने के साथ ही परीक्षार्थियों में घबराहट, बेचौनी, हताशा, चिड़चिड़ापन, नींद मे कमी या ज्यादा सोते रहना, शारीरिक व मानसिक थकान जैसे लक्षण हावी होने लगते है जिसे एग्जाम स्ट्रेस डिसऑर्डर कहा जाता है। आत्मविश्वास का कम होना,कंटेंट कठिन प्रतीत होना और याद कंटेंट भी भूलने लगना, बेहोशी या मूर्छा, सुन्नता, सरदर्द, नर्वसडायरिया, पेटदर्द, सांस का रूकना आदि लक्षण भी आ सकते हैं। यह बातें डा. आलोक मनदर्शन ने आर्मी पब्लिक पब्लिक स्कूल में आयोजित स्ट्रेस मैनजेमेंट वर्कशॉप में कही । उन्होंने बताया कि छात्र अपनी मानसिक प्रत्यास्थता को विकसित करे ताकि मानसिक जड़त्व की स्थिति न आने पाये। अपनी क्षमता के अनुरूप अध्ययन के बीच छोटे ब्रेक लेकर मनोरंजक गतिविधियों का भी पूरा आनन्द ले तथा तरल मानसिक स्फूर्तिदायक पदार्थो का सेवन बराबर करते रहें। छः से आठ घन्टे की गहरी नींद अवस्य ले। सकारात्मक दृष्टिकोण से अपनी योग्यता पर आत्मविष्वास रखे। नकारात्मक व तुलनात्मक स्वआंकलन न करे एवं ऐसा करने वाले तथा अतिअपेक्षित वातावरण बनाने वाले परिजनों के दबाव से बचें।इससे स्ट्रेस हार्मोन कॉर्टिसोल में कमी आती है तथा हैप्पी हॉर्मोन सेरोटोनिन व डोपामिन बढ़ता है जिससे भवनात्मक लब्धता व परीक्षा परफॉर्मेंस बेहतर होता है। कार्यशाला में शिक्षक व स्टूडेंट्स मौजूद रहे।दो स्टूडेंट्स को इमोशनली इंटेलीजेंट घोषित किया गया। संचालन सिंधु सिंह तथा आभार वनिता गुप्ता द्वारा किया गया।

# जरूरतमंदों को वितरित किया कम्बल

## कुष्ठ आश्रम, माईवाड़ा, वृद्ध आश्रम, अंध विद्यालय व जरूरतमंदों में बटा गया कम्बल व भोजन

अयोध्या । भीषण ठंड व गलन को देखते हुए रक्तदान के लिए जिले की चर्चित संस्था राम कृष्ण सेवा फॉउंडेशन के तत्वावधान में वृहद स्तर पर कम्बल व भोजन का वितरण जुड़वा शहरों के राम की पैड़ी, नया घाट, शमसान घाट,राम घाट हाल्ट, अयोध्या व फैजाबाद स्टेशन, रोजवेज, फतेहगंज, रिकाबगंज के रिक्शावान, ई रिक्शा चालकों, मजदूरों व जरूरत मन्दों को वितरित किया। संस्था संरक्षक राजेश चौबे के नेतृत्व में होने वाले इस कम्बल व भोजन वितरण महाअभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम राम घाट हाल्ट स्थित कुष्ठ आश्रम के सभी कुष्ठ रोगियों, महिला वृद्धाश्रम तीनों माई वाडा की सभी बुजुर्ग माताओं, श्रीराम अंध विद्यालय में अध्ययनरत सूरदास विद्यार्थियों व राम नगर फैजाबाद में भी स्थित कुष्ठ आश्रम के सभी कुष्ठ रोगियों को ऊनी कम्बल व भोजन वितरित किया गया और मणिपर्वत स्थित वृद्ध आश्रम में रह रहे 110 सभी बुजुर्ग बाबाओं व माताओं को नाश्ता व प्रत्येक बुजुर्ग को 100 रुपये का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट संस्थापक शीतला प्रसाद गुप्त (आकाश गुप्त) ने कहा कि नर सेवा ही ईश्वर की सेवा है और सामर्थ्यवान लोगों को गरीब व समाजसेवा के लिए आगे आना होगा जिससे हमारी मानवीय संवेदना जीवित रह सकें। संरक्षक व राजेश चौबे ने कहा कि संस्था द्वारा अक्टूबर माह से ही प्रत्येक रविवार को रात 8 बजे से 11 बजे के मध्य जुड़वा शहरों में जरूरतमंदों को चिन्हित करके उन्हें उसी समय कम्बल व भोजन वितरित किया जा रहा है इसके अलावा गांवों में शिविर के माध्यम से समय समय पर कम्बल वितरित किया जा रहा है और संस्था का यही संकल्प भी है कि भगवान राम की नगरी में कोई भूखा व ठंड में कोई बिना कम्बल के न सोए। इस पुनीत कार्य में वरिष्ठ प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ मंजूषा पाण्डेय, समाजसेवी शैलेन्द्र तिवारी,शुभम श्रीवास्तव, चिकित्सक डॉ एस के मिश्र, सुरेंद्र उपाध्याय, मुन्ना गुप्ता, किशन गुप्ता, अमरेश मिश्र, नीलम श्रीवास्तव, शशि रावत, सुमिष्ठा मित्रा, संगीता आहूजा,प्रशांत गौर, आदर्श चौबे, सब इंस्पेक्टर मो अहद,राम जी श्रीवास्तव प्रिंस, धीरेंद्र पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय,विजय वर्मा,नितेश जायसवल,रीता शर्मा, व अन्य उपस्थित रहें।

## सपाईयों ने मनाई लोकबंधु राज नारायण की 36वीं पुष्पतिथि

अयोध्या। लोकबंधु राज नारायण की 36वीं पुष्पतिथि पर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई उक्त अवसर पर समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लोकबंधु राजनारायण सामाजिक न्याय के लिए पिछड़ों के उत्थान के लिए असमानता के विरुद्ध संघर्ष करने वाले नेता रहे हैं तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को 1977 में चुनाव हराने वाले नेता रहे श्री यादव ने कहा कि लोक बंधु राज नारायण जी आम इंसान के नेता थे पूंजीवादी शक्तियों से हमेशा दूर रहे युवाओं किसानों मजदूरों के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहे श्री यादव ने कहा की राजनारायण जी का पूरा जीवन गांव और गरीब के लिए रहा जनता पार्टी की सरकार आने पर ही अंत्योदय योजना से सीधे गरीबों को सीधा लाभ मिलना शुरू हुआ सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि लोक बंधु राज नारायण जी की 36वीं पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर ही समाजवादी विचारों को आगे बढ़ाया जा सकता है इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन जिला उपाध्यक्ष बाबूराम गौड मनोज जायसवाल शिक्षक सभा के जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह, अमृत राजपाल, चौधरी बलराम यादव, हामिद जाफर मीसम, श्रीचंद यादव महानगर महिला सभा अध्यक्ष सरोज यादव डॉ घनश्याम यादव जगन्नाथ यादव अंसार अहमद बब्बन मो राशिद वीरू गौतम गौरव पांडे रत्नाकर दुबे अखिलेश पांडे रोहित यादव भल्लू राकेश कुमार दुर्गेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में डीएम अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता तथा एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना की उपस्थिति में 'जिला सड़क सुरक्षा समिति' की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा ब्लैक स्पॉट्स के निरीक्षण एवं सुध ाारात्मक कार्यवाही, डग्गामार ध अनाधिकृत वाहन संचालन, ओवरलोडिंग, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर मार्ग दुर्घटनाओं से घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं निर्धारित लोकेशन पर एम्बुलेन्सों की उपलब्धता, एन.एच.ए.आई.ध्यू.पी.डा. के टोल प्लाजा पर उपलब्ध एम्बुलेन्स तथा क्रेनों के संचालन, मोडीफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न एवं प्रदूषण युक्त वाहनों के सम्बन्ध में कार्यवाही, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से स्कूल ध कालेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन एवं चालकध्परिचालक के लाईसेंस एवं चरित्र सत्यापन, स्कूलों में संचालित वाहनों के फिटनेस एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट मानकों के सम्बन्ध में यथोचित दिशा निर्देश एवं व्यवसायिक वाहनों की फिटनेस में गुणात्मक सुधार, नेशनल हाईवे पर अनाधिकृत संचालित ढाबों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही, राजमार्गों पर जाम की स्थिति से निपटने के लिये की गयी कार्यवाही एवं वाहनों के सुगम संचालन चालकों के ड्राइविंग लाइसेन्स के निलम्बन ध निरस्तीकरण की कार्यवाही, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं की स्थिति पर विचार एवं मृत तथा घायल व्यक्तियों को वितरित धनराशि का अनुश्रवण एवं सड़क दुर्घटनाओं में दी गयी सहायता आदि की समीक्षा की गयी।समीक्षा में प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में कुल 26 ब्लैक स्पॉटस चिन्हित किए गए हैं।जनवरी 2022 से अब तक कुल 2955 ओवरलोड माल वाहनों का चालान कर 276.86 लाख रुपए का प्रशमन शुल्क बसूला गया है तथा 559 ओवरलोड वाहनों को बंद किया गया है।330 डग्गामार बसों के चालान किये गए हैं तथा 20 बसें बन्द कराई गई हैं।यातायात पुलिस द्वारा 252 डग्गामार तथा 133 ओवरलोड वाहनों के चालान किये गए हैं।प्रवर्तन कार्रवाही में प्रेशर हॉर्न के 635 तथा प्रदूषण प्रमाण पत्र वैध न होने पर 712 चालान किये गए हैं।आरटीओ के अनुसार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में उद्देश्य से स्कूलों तथा कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 6285 छात्र–छात्राओं तथा 685 वाहन चालकों को जागरूक कराया गया है।

## ओबीसी आरक्षण को लेकर भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण बहाल करने की मांग को लेकर भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के तहसील तिकोनिया पार्क में प्रदर्शन किया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने जाति जनगणना कराए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ ने 27 दिसंबर को यूपी में निकाय चुनाव को लेकर कहा कि ट्रिपल टेस्ट कराए बिना ओबीसी आरक्षण नहीं दिया जा सकता। चूँकि 31 जनवरी 23 को निकाय का कार्यकाल समाप्त हो रहा है इसलिए उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि यथाशीघ्र निकाय चुनाव संपन्न कराया जाए। उन्होंने मांग की है कि यूपी सहित अन्य राज्य सरकारों को निकाय चुनाव के लिए नोटिफिकेशन से पहले ट्रिपल टेस्ट कराए जाने और ओबीसी आरक्षण को सुनिश्चित कराया जाए। वहीं दूसरी ओर जातिवार जनगणना कराए जाने की भी मांग की है।

# बर्फीली हवाओं का दिखा असर,घने कोहरे से थमी वाहनों की रफ्तार

## नगर निगम ने रैन बसेरों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की

कानपुर। कानपुर में बर्फीली हवाओं का असर दिखने लगा है। सुबह घने कोहरे के साथ हुई। कोहरा इस कदर घना रहा कि 10 मीटर भी विजिबिलिटी रही। हाईवे से लेकर शहर के अंदर भी वाहनों की रफ्तार थम गई। वहीं जगह–जगह अलाव जलाकर लोग ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि हिमालय पर आए पश्चिमी विक्षोभ का असर कम हो रहा है और पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में पड़ना शुरू हो गया है। शीतलहर का चलना शुरू हो गया है, मध्य जनवरी तक इसका असर बना रहेगा। ठंड में अभी और इजाफा होगा। कड़ाके की ठंड के साथ ही धूप का असर भी कम होगा। हालांकि .दिन के तापमान में मामूली इजाफा हुआ। अधिकतम पारा 22 और रात का सात डिग्री तक पहुंच गया। तापमान बढ़ने से फिर मौसम में बदलाव हुआ और पहले जैसी सर्दी का अहसास थोड़ा कम रहा। लेकिन शीतलहर चलने से ठंड में अचानक ही इजाफा हो गया है। शहर के मुकाबले हाईवे पर कोहरा और घना रहा। विजिबिलिटी 12 मीटर से कम रही। इसके चलते ज्यादातर बड़े वाहनों ने हाईवे किनारे ही वाहन पार्क कर दिए। धूप निकलने के बाद ही आगे सफर तय कर रहे हैं। वहीं कोहरे के चलते हाईवे पर हादसों की संख्या बढ़ गई है। सर्दी की मार बढ़ने के साथ ही नगर निगम ने रैन बसेरों और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है।

# नये वर्ष पर गालापुर मंदिर में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

दिलीप श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। वर्ष 2022 अब हमारे अतीत का एक हिस्सा बन चुका है,बीता साल लोगों के लिए कुछ अच्छा और कुछ बुरा गुजरा। लेकिन 2023 सभी के लिए अच्छा गुजरे इसके लिए नए साल के अवसर पर लोगों ने तमाम तरह के उपाय भी करना शुरू कर दिये हैं। नए साल के अवसर पर गालापुर महाकाली मंदिर पर आस्था का जन सैलाब नजर आया। आम तौर पर सोमवार और शुक्रवार को गालापुर महाकाली मैया के स्थान पर भक्तों की जबरदस्त भीड़ दिखाई देती है लेकिन आज नए साल के अवसर पर मानो भक्तों का रेला महाकाली मैया का आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़ा हो।



इस जबरदस्त ठंढक और कुहासे के बीच भक्तगण दूर दूर से महाकाली मैया के दर्शन करने के लिए आते हुए देखे गए। रविवार के दिन आस्था का ये सैलाब आम तौर पर कम ही दिखाई पड़ता है। शोहरतगढ़ के निवासी दीपक अपनी पत्नी और तीन वर्षीय बेटी के साथ महाकाली मैया के दर्शन के लिए सुबह ही निकल पड़े थे उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से उनके साल की शुरुआत हमेशा से महाकाली मैया के दर्शन के साथ होती आयी है । हर वर्ष साल के पहले दिन वो सपरिवार गालापुर दर्शन के लिए आते हैं कुछ इसी तरह की बात इटवा निवासी मिथिलेश, डुमरियागंज निवासी बड़कू, अखिलेश आदि लोगों ने भी कही। गालापुर में पूजा पाठ कराने वाले पंडित राकेश मिश्रा बताते हैं कि पिछले कुछ सालों से नए वर्ष पर यहाँ भक्तों का आना बहुत ज्यादा बढ़ा है, पहले लोग नए साल पर घूमने,टहलने के लिए बड़े बड़े शहरों और बाजारों में जाया करते थे लेकिन अब लोगों का झुकाव मंदिर की तरफ ज्यादा हुआ है चाहे तीन साल के बच्चे हों या 60 साल के बुजुर्ग या फिर युवा साल का पहला दिन वो अपनी धार्मिक मान्यता के अनुसार मंदिरों में जाता है जो कि सनातन धर्म के लिए बहुत अच्छी बात है। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि जब लोग अपने धर्म से विमुख होते हैं तब दिक्कतें बढ़ती हैं लेकिन जब इंसान अपने धर्म के अनुसार आचरण करता है तो मुश्किलें कम होती जाती है। नए साल पर लोगों का गालापुर आना शुभ संकेत है।

## सभासद प्रतिनिधि निलेश निषाद ने दिया गरीब बच्चों को उपहार

दैनिक बुद्ध का सन्देश
बांसी। नगर पालिका परिषद बांसी के इंदिरा नगर वार्ड के



सभासद प्रतिनिधि निलेश निषाद ने हर वर्ष की भांति इस बात की नए वर्ष पर गरीब बच्चों को उपहार वितरण किया नव वर्ष की खुशी मनाने के साथ बच्चों सहित सभी को 2023 लोगों के जीवन में खुशियां लाएं और छोटे–छोटे बच्चों को सभासद प्रतिनिधि पहले मुंह मीठा करा कर फिर कॉपी पेंसिल रबड़ कटर वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गरीब बेसहारा बच्चों के संग सभी को खुशियां मनाना चाहिए क्योंकि ऐसे बच्चे जिन्हें किसी भी प्रकार से कोई खुशी मनाने का अवसर नही प्रदान होता है अपने बीच हम लोगों को पाकर खुद को गैर वंचित महसूस करते हैं साथ ही उनके चेहरे पर जो खुशियां झलकती है वह बहुत ही सुखद अनुभूति करने वाली होती है इस अवसर पर रमेश निषाद, राजेंद्र निषाद, आकाश निषाद, विक्की निषाद, राज निषाद ,लव कुश, चंद्र प्रकाश निषाद, रोहन निषाद, प्यारेलाल निषाद, नीरज निषाद सतीश निषाद,कुनाल सहित उपस्थित रहे।




## बुद्ध की क्रीड़ा स्थली में जुटा लोगों का हुजूम





दैनिक बुद्ध का संदेश
कपिलवस्तु ।रविवार को नव वर्ष के आगमन पर क्षेत्र के बच्चो,युवाओं में खुशी की रौनक दिखी। बुद्ध की क्रीड़ा स्थली स्तूप पार्क में सुबह दस बजे से लोगो की भीड़ जुटने लगी,स्तूप पर अन्य जिले के लोग भी घूमने आए ।परिवार बच्चों के साथ,नए जोड़े भी स्थली में सेल्फी का आनंद लेते रहे। पार्क में स्थित सरोवर में खिले कमल के पास बैठ कर फोटो खिंचवाते रहे। सैकड़ों की संख्या में पर्यटक भी भीड़ के हिस्सा बने। छोटे बच्चे पार्क में उछल कूद करते रहे।

### सुरक्षा व्यवस्था के रहे कड़े इंतजाम

कोतवाली पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रही,साथ जिले की एंटी रोमियो टीम भी भ्रमण करती रही ।कोतवाली पुलिस के जवान सादे लिबास में घूमने रहे। अनजान बन कर लोगो से वार्ता भी करते रहे। कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय ने स्थली का निरीक्षण करते रहे ।इस दौरान उमेश कुमार गुप्ता,दिनेश कुमार,प्रदीप यादव,महिला आरक्षी श्रुति मिश्रा,सोनम यादव, रीनू,सहित जवान शामिल रहे।

## सामाजिक संस्था ने किया गरीबो को कंबल वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। बढ़ती हुई ठड़ को देख कर सामाजिक संस्थाओ



द्धारा गरीबो को कंबल वितरण किया जा रहा है शनिवार को जनपद मुख्यालय की एक सामाजिक संस्था ने रात्रि में 300 किलो मीटर से भी अधिक दूरी तय करके जनपद के युवा साथियों के साथ जरूरतमंद, असहाय, गरीब व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया। यह कंबल वितरण जनपद के युवा शक्ति के साथ गृह जनपद व अन्य जनपदों के रेलवे स्टेशनों, शहरों एवं कस्बों में कम्बल वितरण का कार्य सम्पन्न किया गया। संस्था ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य मकसद सफर के दौरान किन्ही कारणों से कम्बल अथवा चद्दर साथ ना लिये हुये जरूरतमंद व्यक्तियों व गरीब रिक्शा चालको एवं असहाय लोगों को इस कड़ाके की ठण्ड से बचाना है और युवा पीढ़ी से विशेष आग्रह किया कि आज के दिन आप सिर्फ पार्टी अथवा गाने–बजाने तक ही अपने आपको सीमित ना रखे बल्कि आप सामाजिक कार्यों के माध्यमों से भी अपने साथ ही साथ जरूरतमंद लोगों में भी अपने खुशियो को बाटे ।इस अवसर पर रमेश निषाद, राजेंद्र निषाद, आकाश निषाद, विक्की निषाद, राज निषाद ,लव कुश, चंद्र प्रकाश निषाद, रोहन निषाद, प्यारेलाल निषाद, नीरज निषाद सतीश निषाद,कुनाल सहित उपस्थित रहे।




## डीएम व एसएसपी ने मंदिरों व पिकनिक प्वाइंट पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

गोरखपुर। नव वर्ष के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर पिकनिक प्वाइंट व मंदिर में भीड़ को देखते हुए पूर्व में सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात किए है किसी को किसी प्रकार किसी को कोई दिक्कत ना हो नव वर्ष के अवसर पर जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर मंदिरों व पिकनिक प्वाइंट पर स्वयं पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे ताकि किसी भी आम जनता को पिकनिक प्वाइंट व मंदिरों पर किसी प्रकार दिक्कत ना होने पाए अपने मातहतों को निर्देशित कर रहे हैं आम जनमानस का पूरी तरह ख्याल रखा जाए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी खोराबार थाना क्षेत्र के बुढ़िया माता मंदिर गोरखनाथ मंदिर तारामंडल नौका विहार सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर आम जनमानस का ख्याल रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।





## 'नव वर्ष पर पिकनिक मनाने जा रहे युवको की कार टकराई, 3 की मौत और 3 घायल'

गोरखपुर। नव वर्ष पर पिकनिक मनाने बनारस जा रहे युवकों की कार देर रात करीब 2 बजे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में 3 युवकों की मौत हो गयी, जबकि 3 युवक घायल हो गए। घायलों का इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। हादसा बेलीपार थाना क्षेत्र के महोब गांव के पास गोरखपुर–बनारस एनएच 28 फोरलेन पर हुआ। जानकारी के अनुसार महराजगंज जिले के निचलौल के युवक कार में सवार होकर नव वर्ष पर पिकनिक मनाने बनारस जा रहे थे। अभी उनकी कार गोरखपुर के बेलीपार इलाके के महोब गांव के पास पहुची थी कि तभी अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में कार में सवार 6 युवक घायल हो गए। रात में ही सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कालेज भर्ती कराया। अब्दुल, आशीष और आयुष की मौत हो गई। जबकि अरबाज , गोलू चौहान व शिवांश मिश्र घायल हो गया। सभी युवकों की उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच है। पुलिस ने सभी के परिजनों को सूचना दे दी है। इस सम्बंध में बेलीपार इंस्पेक्टर इकरार अहमद ने बताया कि रात में कार का एक्सीडेंट हुआ था। 6 युवक घायल थे सभी को भर्ती कराया गया था। जिनमे से 3 की मौत की सुचना है। सभी महराजगंज के निचलौल के रहने वाले है। आगे की कानूनी कार्यवाई की जा रही है।



## सम्पादकीय

**हालिया सर्वे के तहत तीन बातों पर गौर किया गया। इनमें विधायक के कामकाज के प्रति जनता की राय, विधायक के दुबारा उम्मीदवार बनने की स्थिति में लोगों की राय और शिवराज सरकार के प्रति जनता की राय। बहरहाल, मध्य प्रदेश में चुनावी सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है, देखना होगा कि क्या जनता एक बार फिर ...**

# एमपी में कांग्रेस का आंतरिक सर्वे पार्टी की हार दर्शा रहा



कांग्रेस ने नया वर्ष प्रारंभ होते ही प्रत्याशियों के चयन पर काम शुरू करने की बात कही है। माना जा रहा है कि सबसे पहले मौजूदा 96 विधायकों में से जीत की संभावना वाले लोगों को दुबारा उम्मीदवार बनाना है या नहीं, इस पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एलान किया है कि इस साल के अंत में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एकतरफा जीत हासिल करेगी। देखा जाए तो राहुल गांधी का यह बयान अतिशयोक्ति नजर आ रहा है क्योंकि कांग्रेस ने जो हाल ही में सर्वे कराया है वह तो कुछ और ही कह रहा है। कांग्रेस ने नया वर्ष प्रारंभ होते ही प्रत्याशियों के चयन पर काम शुरू करने की बात कही है। माना जा रहा है कि सबसे पहले मौजूदा 96 विधायकों में से जीत की संभावना वाले लोगों को दुबारा उम्मीदवार बनाना है या नहीं, इस पर विचार किया जाएगा। इस प्रकार की रिपोर्ट्स हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ द्वारा कराए गए हालिया सर्वे में लगभग 70 विधायकों की जीत की संभावना जताई गई है। माना जा रहा है कि जिन विधायकों की जीत की संभावना है उनके नाम की घोषणा जनवरी–फरवरी में ही कर दी जायेगी। कमलनाथ की ओर से कराए गए सर्वे में 26 विधायकों की स्थिति जीत के अनुकूल नहीं मिली है। इसलिए माना जा रहा है कि इन सीटों पर पार्टी नए चेहरों की तलाश शुरू कर चुकी है। सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश कांग्रेस की रणनीति है कि वह जून महीने तक सभी सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दे। हाल ही में जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्य प्रदेश में थी तब यह तय किया गया था कि विधानसभा क्षेत्र में आम सहमति बनने पर ही प्रत्याशी तय किया जाएगा ना कि केंद्रीय स्तर से नाम थोपा जाएगा। हम आपको यह भी बता दें कि कमल नाथ कांग्रेस की जमीनी स्थिति जानने के लिए समय–समय पर सर्वे का सहारा लेते रहे हैं। हालिया सर्वे के तहत तीन बातों पर गौर किया गया। इनमें विधायक के कामकाज के प्रति जनता की राय, विधायक के दुबारा उम्मीदवार बनने की स्थिति में लोगों की राय और शिवराज सरकार के प्रति जनता की राय। बहरहाल, मध्य प्रदेश में चुनावी सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है, देखना होगा कि क्या जनता एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान को अवसर देती है या कमलनाथ को मौका मिलता है। लेकिन मध्य प्रदेश के वर्तमान सियासी समीकरणों को देखते हुए अभी से लिख कर जीत की गारंटी देना हास्यास्पद है।

# 'तन्हाइयों के दस्त में आबाद कौन था'!

जगदीश सिंह सम्पादक

लम्हा लम्हा गुजरती जिन्दगी धीरे धीरे मन्जिल के तरफ झंझावात करती आस्था को साथ लिए बिश्वास की डोर पकड़े तमाम सवालों से जकड़े निरन्तर आगे बढ़ती जा रही है।जीवन के उपवन को संजोते कुछ पाते बहुत कुछ खोते पल पल कल बल छल के शानिध्य में कभी खुशी तो कभी मायूसी का दर्द लिए फर्ज के साथ सब कुछ आत्मसात करते मरते दम तक आदमी अपनों के भविष्य के लिए दिन रात भाग दौड़ में लगा रहता है उसे पता ही नहीं चलता है की खुशियों का जमाना कब साथ छोड़ दिया! जिसके लिए सब कुछ किया वो कब मुंह मोड़ लिया!गुरुबत का फैसला मानकर कर हौसला रखना अपनी मजबूरी भी होती है!जीने के लिए चाहत जरुरी भी होती है?जरा गौर करें ख्वाबों को दिल मे लिए जिघ्न्दगी हर वक्त खुशहाली के पीछे पीछे भागती रहती है!प्रारब्ध के खेल में कभी धूप कभी छांव में लुका छिपी का तमाशा कभी आशा तो कभी निराशा के आवरण में चलता रहता है!और इसी के साथ अनमोल लम्हें धीरे धीरे सरकते रहते हैं!जब सब कुछ पाने की तमन्ना में जीवन की दोपहरी गुजरकर शाम की दस्तक देती है तब आखरी मंजिल का एहसास बधवास कर देता है!मगर तब तक तो बहुत देर हो चुकी होती है!सब कुछ पराया लगता है!दिन तो लोगों के बीच किसी तरह कट जाता है मगर रात की तन्हाई अश्कों की तरुणाई में सिसकन लिए गुजरे पलों की याद को आत्मसात कर भोर तक दिल को झकझोर कभी रूलाती तो कभी भाव विभोर कर अपनों के बीच गुजरे कर्ण प्रिय शोर को ताजा कर जाती है!जीवन के उपवन की महकती सुगन्ध जब गुजरे पलों के सतह से टकरा करअपनी महक बिखेरती है उस समय अनायास ही दिल उदास हो उठता है जिनके शानिध्य में सपने देखा आज वही अपने तन्हा छोड़कर स्वार्थ की दहकती ज्वाला में तिल तिल कर मरने को विवश कर चले गए!कुछ दिन में साल बदल जायेंगी! नव वर्ष दस्तक देने लगा है! बसन्त के आगमन की भीनी सुगन्ध ा अभी से मदमस्त पवन की संगति पाकर फैलने लगी है!उम्र के पड़ाव का एक अहम मुकाम गुजर गया!नव वर्ष में उत्कर्ष के साथ गुजरते वर्ष के संघर्ष की स्वीकारोक्ति को साथ लिए जिघ्न्दगी के किताब में एक अध्याय जुड़ जायेगा––––––!मुस्कराते भगवान भास्कर प्रकृति के परम्परा को प्रवाहमान करने का उदाहरण प्रस्तुत करते सदियों से चली आ रही ब्यवस्था को आस्था का सम्वर्धन देते नियमित परागमन के सिद्धांत काअनुमोदन करते उदय के बाद अस्त होना निश्चित है!जीवन का यही प्रायश्चित है!यही इस नश्वर संसार का अकाट्य सत्य है!जो आया है उसको माया लोक से विलोपित होकर परमात्मा में समाहित हो जाना ही नियति है।सत्कर्म को चक्रबृधि बनाकर जिसने सुख सम्बृधि त्याग दिया उसी का आखरी सफर भी सुहाना रहा रहा। गुजरते वक्त को बाय बाय आने वाले वक्त को सलाम!––!! सबका मालिक एक साईराम।

# राहुल, कांग्रेस की उम्मीदों का नया चिराग

**हालांकि, भारत और नेपाल, दोनों समान संस्कृति और मूल्यों वाले पड़ोसी हैं। इसके बावजूद दोनों देशों के संबंध निर्धारित दायरे से बाहर नहीं निकल पाए हैं, तो इसकी बड़ी वजह कहीं न कहीं नेपाल का चीन प्रेम ही है। ओली के समर्थन से बन रही नेपाल की नई सरकार भारत के साथ रिश्तों को किस तरह आगे बढ़ाती है, यह अगले कुछ दिनों में स्पष्ट हो जाएगा...**

शकील अख्तर

कोई भी नेता ऐसा नहीं है जिसे मांजना नहीं पड़ा हो। नेहरू को गांधी ने मांजा था। इसीलिए उनमें आदर्शवाद बहुत था। मगर समय से उन्होंने बहुत सीखा था। इसलिए यथार्थ के धरातल पर भारत का नव निर्माण कर सके। राहुल में आदर्शवाद तो वंशानुगत आया है। राजीव भी बहुत आदर्शवादी थे। कहते भी थे वे यह। मगर उन्होंने भी अनुभवों से सीखा। मगर इसी परिवार में इन्दिरा गांधी भी हुईं। अरसे बाद नया साल कांग्रेस के लिए नई उम्मीदें लाया है। राहुल की यात्रा ने कांग्रेस में नई जान डाल दी है। राहुल लाओ, राहुल लाओ कांग्रेसियों का पुराना शोर रहा है। 2004 में जब वे राजनीति में आए तब से ही बड़ी जिम्मेदारी देने की मांग कांग्रेस में होती रही है। 2007 में वे बहुत मुश्किल से कांग्रेस के महासिचव होने के लिए माने थे। उसके बाद छह साल तक लगातार मांग होती रही कि वे कांग्रेस अध्यक्ष बनें, यूपीए सरकार में मंत्री पद संभाले। खुद उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने उनसे कहा। मगर वे नहीं माने। अन्ततरू 2013 में वे कांग्रेस उपाध्यक्ष के लिए सहमत हुए। और फिर लंबा समय लेकर 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष के लिए। इसे आप कह सकते हैं कि जैसे किसी एमेच्योर ( शौकिया) खिलाड़ी के प्रोफेशनल बनने की कहानी हो। लेकिन इसके बाद भी राहुल की मनरूस्थिति में उतार–चढ़ाव कम नहीं आए। 2019 में उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़ दिया। और फिर बनने को तैयार नहीं हुए। पिछले साल 2022 में उन्होंने अपनी बात के मुताबिक गैर गांधी नेहरू परिवार का अध्यक्ष बनवा दिया। जिस बात पर किसी को यकीन नहीं था कि ऐसा होगा वह राहुल ने कर दिखाया। मगर पिछले साल का उससे भी बड़ा धमाका उनकी यात्रा रही। जिसकी गूंज अब मीडिया में भी सुनाई देने लगी है। राहुल अब काफी हद तक राजनीतिक दिखाई देने लगे हैं। हालांकि अपनी राजनीतिक छवि को तोड़ने की वे अभी भी खुद कोशिश करते हैं। मगर कई बार छवि व्यक्ति पर वास्तविकता से भारी पड़ जाती है। और खुद व्यक्ति के मिटाए भी नहीं मिटती। यह कई बार अच्छा भी होता है। राहुल के लिए और उनसे ज्यादा कांग्रेस के लिए यह अच्छा है कि उनकी राजनीतिक छवि बने और दार्शनिक रंग कमजोर पड़े। राहुल ने शनिवार को साल के आखिरी दिन दिल्ली में जो प्रेस कान्फ्रेंस की उसमें उन्होंने जिस तरह विपक्षी एकता की बात कही उसे कांग्रेस के बड़े नेताओं को खासतौर पर पार्टी अध्यक्ष खरगे जी को कांग्रेस के नए साल के संदेश के रूप में आगे ले जाना चाहिए। राहुल ने बहुत बड़ी बात कही और पहली बार कही कि देश में भाजपा के खिलाफ अंडर करंट है। यह यात्रा से प्राप्त राजनीतिक समझ थी। पहले बड़े नेता जिस भी किसी क्षेत्र का दौरा करके आते थे बता देते थे कि जीत रहे हैं या हालत टाइट है। ऐसे ही चुनावों से पहले ही उन्हें अंदाजा हो जाता था। यह राजनीतिक समझ है जो अनुभव से आती है। अटल बिहारी वाजपेयी, इन्दिरा गांधी और बाद के नेताओं में अर्जुन सिंह, मुफ्ती मोहम्मद सईद, अरुण जेटली इशारा कर देते थे कि स्थिति क्या है। जनता बोलती नहीं है। मगर उसकी आंखें, हाव भाव, कभी मौन, कभी मुखरता बता देती है कि कहानी क्या बन रही है। हम पत्रकारों को भी, जब जनता में ज्यादा घूमते हैं, बोलते कम सुनते ज्यादा हैं तो मालूम पड़ जाता है कि जमीन के नीचे क्या चल रहा है। पत्रकार अधिकाशतरू सड़क के किनारे गांवों में ही जाते हैं। वहां भी चौराहे पर ही बात करते हैं। और ऐसे सवाल पूछते हैं जिससे मालूम पड़ जाता है कि वे क्या उत्तर चाह रहे हैं। सामने वाला वही उत्तर देकर अपनी जान बचा लेता है। 2009 के लोकसभा चुनाव में हम बहुत घूमे थे। और मतगणना से पहले लिखा कि कांग्रेस की 200 से ऊपर सीटें आ रही हैं। और यूपी में जहां हम बहुत ज्यादा घूमे थे 22 या 23 सीटें आ रही हैं। उस स्टोरी में हमने राज्यवार आंकड़ा दिया था। ऐसा रिस्क बहुत कम पत्रकार और अखबार लेते हैं। लेकिन अगर आप आंख, कान खुले रख के और मुंह बंद करके सड़क से अंदर दस–बीस किलोमीटर जाएं तो वहां के गावों से आपको हवा का अंदाजा हो जाता है। राहुल की यात्रा में आज ऐसे ही दूरदराज के गांवों के लोग आ रहे हैं। समाज के हर वर्ग के। और राहुल ने जैसा उन्होंने इस प्रेस कान्फ्रेंस में भी कहा कि वे लगातार सीखते हैं। और हर खुले दिमाग का आदमी सीखता है तो राहुल ने सुनना सीखा है। हम राहुल को 2004 से लगातार कवर कर रहे हैं। पत्रकारों के छोटे समूहों के अलावा और प्रोफेशनलों के कई समूहों के साथ उनकी बातचीत में रहे। तब वे सुनते तो थे। मगर अपनी राय भी व्यक्त करते थे। लेकिन अब राजीव गांधी की तरह वे ज्यादा सुनने में विश्वास करने लगे हैं। राजीव गांधी ग्रेट लिसनर ( बात सुनने वाले) थे। हमने उन्हें भी कवर किया है। वे दिन दिन भर गांव वालों के बीच बैठकर उनकी बात सुनते थे। राहुल में अब पिता का यह गुण आ रहा है। राजीव को विपक्ष की राजनीति नहीं करना पड़ी। लेकिन सत्ता में भी अपनी स्वीकृति बनाना आसान नहीं होता। राजीव ने जब कंप्यूटर क्रान्ति की तब ही वे युवाओं के आदर्श बन सके। उन्हें बहुत कम समय मिला और विश्वासघात भी बड़ा हुआ। लेकिन फिर भी नेहरू के बाद अगर किसी ने देश के विकास का अजेंडा बदला तो वे राजीव गांधी ही थे। कंप्यूटर और संचार क्रान्ति के साथ 18 साल के युवा को मताधिकार ने देश में नई ऊर्जा और गति भर दी थी। उन्होंने कहा था–भारत एक प्राचीन देश मगर युवा राष्ट्र है।

# कई सवाल उठाती है मुफ्त खाद्यान्न योजना

**अनाज की महंगाई दर 13 तथा गेहूं की महंगाई दर 20 फीसदी पर चल रही है। जब मुफ्त भोजन दिया जाता है तो लाभार्थियों द्वारा लाभ के लिए उसी खाद्यान्न की फिर से बिक्री को सरकार कैसे रोकेगी? उच्च मुद्रास्फीति दर को देखते हुए इस तरह की पुनरू बिक्री पूरी तरह से संभव है। क्या बाजार में मौजूद व्यापारियों को शामिल करना बेहतर नहीं होगा? नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने कहा...**

डॉ. अजीत रानाडे

पीडीएस का विस्तार भी जारी रहा क्योंकि यह गरीबों की आवश्यकताओं का ध्यान रखती थी। 1992 और फिर 1997 में देश के पिछड़े जिलों पर बेहतर तरीके से ध्यान देने के लिए इसे नया रूप दिया गया। हालांकि यह स्पष्ट था कि बड़ी मात्रा में सरकारी खरीद तथा पीडीएस के बावजूद यह बेहतर वितरण एवं उत्तम पोषण योजना का स्वरूप नहीं ले पा रही थी। योजना में गड़बड़ी होने की बातें भी सामने आईं। राशन की दुकानों से सस्ता अनाज चोरी (गायब) हो जाता था। सरकार ने घोषणा की है कि वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित किए जाने वाले सभी खाद्यान्नों का वितरण एक साल के लिए पूरी तरह से मुफ्त कर रही है। इससे करीब 81 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे। हर व्यक्ति को प्रति माह 5 किलो चावल या गेहूं अथवा मोटा अनाज मुफ्त मिलेगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली 60 वर्ष पुरानी है जो मुख्य रूप से गरीबों के लिए शुरू की गई है। यह रियायती दरों (सब्सिडी की कीमतों) पर खाद्यान्न बेचता है। इसे देश भर में राशन की दुकानों के नेटवर्क के रूप में समझा जाता है। श्राशनश शब्द का अर्थ है एक दुर्लभ वस्तु को छोटे हिस्सों में आबंटित करना ताकि हर किसी को कुछ मिल सके। 1960 के दशक की शुरुआत तक भारत में भोजन की भारी कमी थी और उसे पश्चिमी देशों के सामने कटोरा फैलाना पड़ता था। कमी का मतलब था कि खाद्यान्न मूल्य मुद्रास्फीति आसमान छू सकती है। इसके बाद पीडीएस और राशन की दुकानें आईं। सरकार ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना भी लागू की। इसके साथ ही अनाज का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ी और सुनिश्चित खरीद योजना भी शुरू की। इसके बाद हरित क्रांति आई जो मूल रूप से पंजाब और हरियाणा में हुई थी। इसके कारण भारत खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया। यहां तक कि देश ने गेहूं और चावल का निर्यात भी शुरू कर दिया। वैसे पीडीएस का विस्तार भी जारी रहा क्योंकि यह गरीबों की आवश्यकताओं का ध्यान रखती थी। 1992 और फिर 1997 में देश के पिछड़े जिलों पर बेहतर तरीके से ध्यान देने के लिए इसे नया रूप दिया गया। हालांकि यह स्पष्ट था कि बड़ी मात्रा में सरकारी खरीद तथा पीडीएस के बावजूद यह बेहतर वितरण एवं उत्तम पोषण योजना का स्वरूप नहीं ले पा रही थी। योजना में गड़बड़ी होने की बातें भी सामने आईं। राशन की दुकानों से सस्ता अनाज चोरी (गायब) हो जाता था। लाभ के लिए खुले बाजार में अनाज बेचे जाने के मामले भी सामने आए। राशन की दुकानों पर कतार में लगे गरीब लोगों को अक्सर बताया जाता था कि स्टॉक खत्म हो गया है, अगले हफ्ते आओ या अगले महीने आने के लिए कहा जाता था। लंबी कतारों में देर तक खड़े रहने तथा बाद में वापस भेजे गए असहाय गरीब को कोई कानूनी सहारा नहीं था। राशन की जिन दुकानों का स्टॉक गायब हो जाता था उन पर और सरकार पर कोई जुर्माना नहीं था। यह पृष्ठभूमि थी 2013 के आए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) की, जिसे भोजन का अधिकार भी कहा जाता है। इसे संवैधानिक गारंटी के रूप में पारित किया गया था और एक दशक तक चले लंबे आंदोलन व सुप्रीम कोर्ट में चली लंबी लड़ाई के बाद यह सफलता मिली। आंदोलनकारी कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकारी अन्न भंडारों में खाद्यान्नों के पहाड़ होने के बावजूद देश में अभी भी व्यापक भुखमरी तथा कुपोषण है। इसलिए सरकार पर सब्सिडी के माध्यम से भोजन प्रदान करने का कानूनी दायित्व डालकर पीडीएस तंत्र को एनएफएसए के जरिए मजबूत किया गया था। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत तीन चौथाई ग्रामीण परिवारों और आधे शहरी परिवारों को तीन, दो और एक रुपये प्रति किलो की दर से क्रमशरू चावल, गेहूं तथा मोटा अनाज देने की व्यवस्था की गई। एनएफएसए की सफलता या असफलता पर अलग से बहस हो सकती है। वर्ल्ड हंगर इंडेक्स में भारत की हालिया कम रैंकिंग ने बहुत विवाद पैदा किया और इस पर भारत की छवि को खराब करने की साजिश रचने के आरोप लगाए गए। भूख व कुपोषण के बीच के सूक्ष्म अंतर के विश्लेषण के बारे में बहुत कुछ कहा गया था। कोविड के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) शुरू की गई ताकि पहले से ही एनएफएसए द्वारा कवर किए गए प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त अनाज दिया जा सके। इसलिए कोविड के दौरान लागू की गई इस योजना की पहुंच 81 करोड़ भारतीयों तक हुई या पहुंचने वाली है। इसे मई 2020 से छह बार बढ़ाया गया है और अब दिसंबर 2022 में योजना समाप्त होने वाली है। अनुमान है कि इस पर अब तक कुल 4.5 ट्रिलियन रुपये खर्च हो चुके हैं। पीडीएस के समानांतर चलने वाली इस योजना के तहत सरकार ने पिछले दो वर्षों में 5.5 करोड़ टन से अधिक मुफ्त खाद्यान्न वितरित किया है। अब पीएमजीकेएवाई को बंद कर दिया गया है और पीडीएस को एक वर्ष के लिए पूरी तरह से मुफ्त कर दिया गया है। लेकिन इससे कई सवाल उठते हैं। सबसे पहले सवाल उठता है कि अगर पीडीएस का उपयोग मुफ्त खाद्यान्न वितरित करने के लिए किया जा सकता है तो कोविड के दौरान पीएमजीकेएवाई के नाम से नई योजना शुरू करने के बजाय पीडीएस का उपयोग क्यों नहीं किया गया? वास्तव में कोविड के समय की वही योजना मुफ्त पीडीएस के नाम से जारी है। पीडीएस के लिए राशन कार्ड की आवश्यकता होती है जबकि पीएमजीकेएवाई के लिए नहीं तो निश्चित रूप से कोविड के दौरान पीडीएस में बदलाव किया जा सकता था? चूंकि पीडीएस के तहत बहुत सारे गरीब कवर नहीं होते हैं तथा अन्य राज्यों या शहरों में उनके राशन कार्ड स्वीकार किए जाने की उम्मीद नहीं की जाती है इसलिए श्एक राष्ट्र–एक राशन कार्डश की बात की गई है। विशेष रूप से यह बात प्रवासी श्रमिकों तथा उनके परिवारों के लिए लागू होती है।



# जिलाधिकारी ने तहसील का किया औचक निरीक्षण

बिसवां नगर (सीतापुर) । जिलाधिकारी अनुज सिंह के द्वारा बिसवां तहसील में स्थित विभिन्न विभागों से सम्बन्धित जन सुविधा केन्द्र, ई–डिस्ट्रिक कक्ष, न्यायालय नायब तहसीलदार, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग, कानूगों कक्ष आदि के पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ई–डिस्ट्रिक के अन्तर्गत प्राप्त आय, जाति, निवास आदि के आवेदनों पत्रों के त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार के आवेदन पत्रों को अधिक समय तक लम्बित न रखते हुये प्राथमिकता के आधार पर उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये और एक सप्ताह के अधिक लम्बित आवेदनों को प्रत्येक निस्तारित किया जाये एवं इसी क्रम में समुचित साफ–सफाई के निर्देश भी संबंधित को दिये। उन्होंने ई–डिस्ट्रिक को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित लोगों से वार्ता कर खैतानी के लिये दिये जाने वाले शुल्क की भी जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने न्यायालय नायब तहसीलदार का भी विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण दस्तावेजों एवं अभिलेखों का अवलोकन करते हुये उसमें पायी कमियों को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने मालिकाना रजिस्टर एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी देखा एवं आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास की सूची तैयार कर ली जाये ताकि पात्र व्यक्तियों को इसका समुचित लाभ मिल सके। वसूली कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अब तक हुयी वसूली की जानकारी करते हुए निर्देश दिये कि रजिस्ट्रर का डेटा और आनलाइन डेटा मैच अवश्य करे, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान आये हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं संबंधित को निर्देशित किया किया उनकी समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाये। उन्होनें तहसील में आने वाले ग्रमीणों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी रामभरत तिवारी, उपजिलाधिकारी प्यारे लाल मौर्य, तहसीलदार अबिचल प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार जितेन्द्र द्विवेदी, पूर्ति निरीक्षक बिसवां शैलेन्द्र कुमार वर्मा समेत तमाम राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुश्ती शुद्ध देशी खेल है इसके आयोजक बधाई के पात्रः निर्मल वर्मा

## विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे विधायक निर्मल वर्मा

सीतापुर । शैखुल औलिया हजरत गुलजार शाह रह० अलैह मेला में चल रहे विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के फाइनल में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने पहलवानों को हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारम्भ किया। पहली कुश्ती हसीन पहलवान कलियर शरीफ व एजाज पहलवान बिसवां के मध्य हुयी। जिसमें हसीन पहलवान को जीत मिली। दूसरी कुश्ती बाबा अजमेरी पहलवान व कुता पहलवान हरियाणा के मध्य हुयी। जिसमें बाबा अजमेरी पहलवान को जीत हासिल हुयी। तीसरी कुश्ती मो० गनी पहलवान कलियर शरीफ व शैतान पहलवान राजस्थान के बीच हुयी। जिसमें मो० गनी को जीत मिली। चौथी कुश्ती अजीत पहलवान अयोध्या व भपेन्द्र पहलवान राजस्थान के मध्य हुयी। जिसमें अजीत पहलवान को जीत मिली। पांचवी कुश्ती गनी पहलवान व सोनू पहलवान राजस्थान के बीच हुयी। इसमें गनी पहलवान को सफलता मिली।

दंगल फाइनल की मुख्य कुश्ती बिसवां के आरिफ पहलवान व आगरा के भीम पहलवान के बीच हुयी। इस कड़े मुकाबले में आरिफ पहलवान ने जीत दर्ज की। विधायक निर्मल वर्मा ने जीते हुए पहलवानों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। निर्मल वर्मा ने कहा कि कुश्ती शुद्ध देशी खेल है। इसके आयोजक बधाई के पात्र हैं। मेला कमेटी की मेहनत के कारण ही हम सब अच्छे पहलवानों के दांव पेंच देख पाते हैं। दंगल का आयोजन आपसी सौहार्द का प्रतीक है। इससे कौमी एकता बढ़ती व आपसी भाईचारा बढ़ता है। दंगल प्रभारी असलम ने सभी अतिथियों व दर्शकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मेला सेक्रेटरी मौलाना अनवार हुसैन कादरी, महबूब अली, एजाज अली, सय्यद हुसैन कादरी, रेहान कादरी, जीशान रजा, इमरान चंदू, इसराइल प्रधान, जकी अर्शी, रईस समेत बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# सरकारी अभिलेखों तक ही सिमट कर रह गये ग्राम पंचायतों के सभी विकास कार्य

सीतापुर । विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों की मिली भगत के चलते सभी विकास कार्य बौने होकर रह गए है। ब्लाक के सरकारी अभिलेखों में पूर्ण हो चुके हैं। परन्तु जमीनी हकीकत सरकारी अभिलेखों से कोसों दूर है। ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव अपना हित साधान करके सरकारी अभिलेखों में ही विकास कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत भिठौली में 24 लाख 11 हजार से कच्चा पटान कराया गया है। 35 लाख के पक्के कार्य हैं इन कार्यों के भुगतान हेतु फीडिंग कराई जा चुकी है। परन्तु जांच के चलते अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत भैरमपुर में 33 लाख 52 हजार का कच्चा पटान कराया गया है।

25 लाख रुपये सामग्री पर खर्च किए गए है। कुल 70 लाख रुपए की ब्लाक में फीडिंग कराई गई है। परन्तु जांच के चलते अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत भिखनापुर में कुतुबनगर जाने वाले मार्ग से गांव तक पीला ईटों और अमानक सामग्री से निर्मित कराया गया नाला बनते ही ध्वस्त हो गया था। ग्राम पंचायत लकड़ियामाऊ के मजरा पंडित पुरवा में 120 मीटर इंटर लाकिंग सड़क में पट्टा व नाली का निर्माण पीला ईटों से अमानक निर्माण सामग्री से कराया गया है जो अभी से टूट कर ध्वस्त हो रही है। इसी गांव में 121 मीटर नाले का पीला ईटों और अमानक निर्माण सामग्री से कराया गया है जो बनते ही ध्वस्त हो रहा है। बिनौरा के मजरा सदियापुर से सीपतपुर पुलिया तक सम्पर्क मार्ग 1 लाख 84000 रुपये से कच्चा पटान कागजों पर कराया गया है। जिसमें 2 लाख 72000 रुपए मजदूरी पर ब्यय किया गया है।

मार्ग अभी तक अपूर्ण है। ग्राम पंचायत दधनामाऊ में मधुबना नामक तालाब की खुदाई 1 लाख 55000 रुपये से कराई गई है। परंतु अभी तक कार्य अपूर्ण है। प्रेम लाल व रामनरेश के खेतों पर 3 लाख 53 हजार रुपये की लागत से बंधा निर्माण कार्य कराया गया है। परंतु मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं है। ग्राम पंचायत इंडलवलग्रंट में नरायनपुर तालाब 3 लाख 82 हजार रुपये की लागत से खुदाई कराया गया है।

जो अभी तक अपूर्ण है रामदीन के खेत से विलास के खेत तक चकमार्ग 3 लाख 15 हजार रुपये, कामता के खेत से मुन्नू के खेत तक चकमार्ग 3 लाख 75 हजार रुपये, रामसनेही के खेत से गोधन के खेत तक चकमार्ग 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से कार्य कराया गया है। परंतु मौके पर कोई पटान कार्य मौजूद नहीं है। ग्राम पंचायत लकड़ियामाऊ में रामचंद्र के मकान से अरबापुर तक चकमार्ग का पटान दिखाया गया है। मौके पर कोई पटान कार्य नहीं है। इस तरह से ग्राम पंचायतों में कराए गये सभी विकास कार्य सिर्फ सरकारी अभिलेखों तक ही सिमट कर रह गये हैं। जबकि जमीनी हकीकत से कोसों दूर है अगर इन ग्राम पंचायतों की निष्पक्ष जांच करा ली जाये तो सारी कलई खुद व खुद खुलकर सामने आ जाएगी।

# आवारा पशुओं को पकड़कर नगर पंचायत कर्मियों ने भेजा गौशाला

पाली,हरदोई ।किसानों के लिए सिरदर्द बने आवारा छुट्टा जानवरों के विरुद्ध नगर पंचायत द्वारा अभियान चलाकर करीब 15 जानवरों को पकड़वा कर भोरापुर स्थित पशु आश्रय स्थल भेजा गया।आवारा पशुओं के आतंक से परेशान किसानों द्वारा ज्ञापन देने के बाद आखिरकार नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया, परिवार को अधिशासी अधिकारी प्रकाश चंद गोपालन के निर्देश पर पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार वर्मा की देखरेख में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा अभियान चलाकर करीब 15 आवारा पशुओं को नगर पंचायत के संसाधनों द्वारा ले जाकर क्षेत्र के भोरापुर गांव स्थित पशु आश्रय स्थल पहुंचाया गया।ईओ श्री गोपालन ने बताया कि आवारा पशु मुख्य सड़कों पर घूमते जिससे सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ावा मिलता है साथ ही किसानों के खेतों में खड़ी फसल को भी जमींदोज करते हैं आवारा पशु पकड़ने से इन सब समस्याओं से नगर वासियों को निजात मिलेगी उन्होंने पशुपालकों को हिदायत देते हुए कहा कि वह अपने पशु बांध कर रखें चिन्हित होने पर पशुपालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आलू की खेती का सत्यानाश कर रहे वन सूअर

जौनपुर। खेती किसानी पर ग्रहणों की कमी नहीं है। किसान का जीवन हर कदम पर दुःख भरा हुआ है। चाहे खाद की किल्लत हो,नहर के पानी का इंतजार हो, मौसम की मार हो या छुट्टा और जंगली जानवरों का आतंक हो हर बात में किसान की लाचारी ही नजर आती है। जिले में ग्रामीण इलाकों में जहां गेहूं की पहली सिंचाई के बाद खाद देने का कार्य चल रहा है।

नीलगाय और आवारा गोवंश इन्हें तहस नहस करने में जुटे हुये हैं लेकिन लम्बे क्षेत्र में गेहूं की बुआई होने से कितना भी जानवर चरें मगर पैदावार कुछ न कुछ हो ही जाती है क्योंकि पौधे की जड़ सलामत रहती है लेकिन सबसे दुखदाई जंगली सूअरों का हमला है जिसमें तैयार होने की कगार पर खड़ी आलू की फसल की खुदाई किसानों से पहले ही वन सूअर कर दें रहें हैं।

जिसमें आलू की पूरी फसल सत्यानाश हो जा रही है। मामला विकास खंड मछलीशहर के बसुही नदी किनारे बसे गांव बामी, राजापुर, महापुर, भुसौला, नरसिंहपुर, किशुनदासपुर, भटेवरा और कठार गांवों का है जहां रातों रात आलू के खेतों का हिसाब किताब वन सूअर चुकता करने में जुटे हुये हैं। बामी गांव की वंशराजी पाल कहती हैं कि इतनी लागत लगाकर आलू की खेती की गई लेकिन सुबह शाम खेत में आने पर निराशा ही हाथ लग रही है।वन सूअर फसल बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।यह हमलावर भी हैं जिस कारण इनके पास जाने पर भी डर लगता है।बामी गांव के ही बलेस्टर पाल कहते हैं कि इनका आंतक नदी किनारे बसे आस पास के सभी गांवों तक है।

# ओबीसी आरक्षण को लेकर सरदार सेना ने सौंपा ज्ञापन

जौनपुर। जिला मुख्यालय पर सरदार सेना के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपति को नामित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया । ज्ञापन सौपने के दौरान जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने ओबीसी को अपने पैर की जूती समझ लिया है इस लिए अब संगठन आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है । कहां कि अब मिलकर लड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पंचायतों एवं निकाय चुनाव को लेकर ओबीसी आरक्षण पर एक गाइडलाइन जारी किया गया है और उन्होंने प्रदेश सरकारों को निर्देशित करते हुए कहा था कि ओबीसी की प्रकृति की जांच की जाए इसके पूर्व में महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश,बिहार में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उच्च न्यायालय ने उपरोक्त राज्य में ओबीसी आरक्षण पर रोक लगाया था तो इन तमाम घटनाओं के बाद क्या योगी सरकार को निकाय चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए ओबीसी की जातिगत जनगणना अथवा प्रकृति की जांच नहीं कर लेना चाहिए था । मांगों पर तत्काल न्यायोचित कदम उठाया जाय। उ.प्र. सरकार को निर्देशित किया जाय कि तत्काल जातीय जनगणना कराकर ओबीसी को उसके आबादी के बराबर नगर निकाय में आरक्षण निर्धारित किया जाय। जब तक ओबीसी का आरक्षण लागू न हो पाये तब तक नगर निकाय चुनाव को रोका जाय। उ.प्र. सरकार को तत्काल निर्देशित किया जाय कि सरकार ओबीसी समाज के न्याय हेतु मा. सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित गाइडलाईन का पालन करके ओबीसी को सभी विधाओं में उसके आबादी के बराबर अधिकार सुनिश्चित किया जाय। अवधेश कुमार मौर्य एडवोकेट,विपिन पटेल मुलायम,रवि पटेल,अभिमन्यु पटेल,अमर बहादुर चौहान,रविशंकर यदुवंशी,बृजेश पटेल,विनोद यादव,दीपक विश्वकर्मा,शिव प्रकाश पटेल,मनोज पटेल,सुरेश कुमार,राजकुमार सिंह आदि रहे।

# कड़ाके की शर्दी में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को राहत नही

हरदोई ।जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया है कि 01 जनवरी से 15 जनवरी 2023 तक शीत कालीन अवकाश के दौरान, जनपद की सभी शिक्षण संस्थायें इस अवधि में (प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर हाई स्कूल) बन्द रहेंगे। विद्यालयों में अधिकांश ऑगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन भी हो रहा है। अतः जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित होने वाले 03 वर्ष से 06 वर्ष के लाभार्थी बच्चों को भी शीत कालीन सत्र में कड़ाके की ठंड एवं शीत लहर से बचाने के लिए सभी आँगनवाड़ी केन्द्रों पर भी 01 जनवरी से दिनांक 15 जनवरी 2023 तक का अवकाश घोषित किया जाता है। ऑगनवाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से भी छोटे होते हैं एवं वहाँ ठंड से बचाव के कोई साधन उपलब्ध नहीं है। अवकाश अवधि में सभी आँगनवाड़ी केन्द्र खुले रहेंगे तथा आँगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका द्वारा लाभार्थियों को टेक होम राशन का वितरण एवं सामुदायिक गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्ववत किया जायेगा।

# 01 जनवरी से 03 जनवरी के मध्य किया जायेगा निःशुल्क राशन वितरण-कमल नयन सिंह

हरदोई ।जिला पूर्ती अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया है कि पी०एम०जी०के०ए०वाई० योजनान्तर्गत माह अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष अन्त्योदय कार्डधारकों एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कुल 05 कि०ग्रा० चावल प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण 22 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2022 से विस्तारित करते हुए अब 01 जनवरी से 03 जनवरी 2023 के मध्य वितरण किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आदेशानुसार प्रत्येक उचित दर दुकान पर नोडल अधिकारीध्पर्यवेक्षणीय अधिकारी की उपस्थिति मे ई–पास मशीन द्वारा निःशुल्क वितरण कराया जायेगा। उन्होंने कहा है कि खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। इस योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 03 जनवरी 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

# तहसील बार एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्रक

जौनपुर। कानून के विषय की जानकारी को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी केराकत के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। साथ ही यह मांग की गई की समाज मे कानून मित्र पद का गठन करके भारतीय संविधान व कानून का ज्ञान जन जन तक पहुंचाया जाय तथा कानून विषय के ज्ञान को अनिवार्य रूप से सर्व शिक्षा अभियान से जोड़ा जाए। अधिवक्ता विकास तिवारी व अतुल सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सामाजिक या अन्य प्रकार की संहिताओं, नियम–कानूनों या संविधानों की अपनी विशिष्ट उपयोगिता है। संविधान , विधि या नियम–कानूनों से प्राप्त प्रतिफल यानी जिन संस्थाओं के लिए ये नियम–कानून निर्मित हुए, उन संस्थाओं की सहज एवं सरल रूप से संवहनीयता अथवा क्रिया कलाप से ही उनकी भूमिका को मापा जा सकता है । संविधान अथवा नियम–कानून लिखित या अलिखित दोनों प्रकार के होते हैं। कुछ प्राकृतिक रूप से बने सामाजिक संस्थाओं के नियम–कानून अलिखित होते हैं। जैसे परिवार, विवाह, अवस्था, जाति, समुदाय इत्यादि अलिखित, किंतु अन्यान्य संस्थाओं के कुछ लिखित एवं कुछ अलिखित यानी दोनों प्रकार के संविधान होते हैं। संविधान यानी कानून जिस समुदाय, जाति, वर्ग या व्यक्तियों के लिए होता है, यह स्वाभाविक अपेक्षा होती है कि उन्हें उन नीति–निर्देश तत्त्वों, नियम –कानून एवं संविधान का भली–भाँति ज्ञान हो। तहसील बार चुनाव आयोग अधिकारी व तहसील अधिवक्ता राजेश पाण्डेय व अनिल गांगुली ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण भी है कि जो संविधान जिस समाज अथवा संस्था के लिए बना है, उस संस्था अथवा समाज के प्रत्येक सदस्यों को उसकी संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। पूर्व अध्यक्ष नमः नाथ शर्मा, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अतुल सिंह, पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, दिनेश शुक्ला, प्रभात पाठक, रवि कुमार, राघव सिंह, दिनेश पांडेय, कुलदीप यादव, संजय चौबे, नीरज पाठक समेत अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# शराबी की अश्लील हरकत पर दम्पत्ति ने लगाई गुहार

जौनपुर। शराब पीकर अश्लील हरकत करने वाले एक नशेड़ी से परेशान एक दम्पति कोतवाली थाना पहुंच गया और नशेड़ी के खिलाफ शिकायत की। पीड़ित ने आरोपी से जान माल का खतरा बताकर पुलिस से परिवार के सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के अमित कहार और उसकी पत्नी प्रीति की शिकायत है कि उसके गांव का एक युवक रोज शराब पीकर अश्लील गालियां बकता है और महिलाओं को देखकर अपना गुप्तांग दिखाता है। अमित कहार के अनुसार एक दिन शराबी उसके घर में घुस गया। हल्ला गुल्ला करने पर वह निकल कर भाग गया। पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर कुछ लोगों ने उससे सुलहनामा पर हस्ताक्षर करा लिया। दम्पति का आरोप है कि आरोपी अब और उग्र हो गया है। वह उसे जहां देखता है वहां गालियां देने लगता है। इसके अलावा अक्सर उसके घर के सामने भी खड़े होकर गालियां देता है। कोतवाली थाना पुलिस को दिए तहरीर के अनुसार अमित कहार ने आरोपी युवक से जान माल का खतरा बताया है और पुलिस से परिवार के सुरक्षा की मांग की है।

# आइजीआरएस शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाएः डीएम

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आइजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों से कहा कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण संतोष जनक किया जाए। टालने वाला जवाब न दिया जाए। लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। आवश्यकतानुसार आवेदक से दूरभाष पर सम्पर्क किया जाए। स्पष्ट आख्या अपलोड की जाए।

# विकास कार्य के प्रयासों में और तेजी लायेंः सांसद

जौनपुर । जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक विकास भवन के सभागार में सांसद सदर श्याम सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सांसद द्वारा विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं का गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सम्बन्धित अधिकारी जनपद के विकास के लिये किये जा रहे प्रयासों में और तेजी लायें । बैठक में अध्यक्ष द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, एकीकृत वाटर शेड प्रबन्धन कार्यक्रम, विद्युत, जल निगम, गोशाला सहित विभिन्न योजनाओं पर सम्बन्धित अधिकारियों से गहन जानकारी कर निर्देश सम्बन्धित को दिये। विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय द्वारा जफराबाद क्रासिंग पर ब्रिज बनाये जाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। ब्लॉक सिरकोनी में मनरेगा का बजट वापस हो जाने की जांच कराए जाने हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के पैसे से सड़क की पटरी बनाये जाए। सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने समूहों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समूहों के द्वारा कोटे के अलावा अन्य योजनाओं में सहभागिता सुनिश्चित की जाए और ब्लॉक मुख्यालय पर समुहों की प्रदर्शनी लगाई जाये। समुहों की फीडिंग कराकर एनआईसी पर अपलोड करा दें। अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण सड़के बनाई जाए और समय से कार्य पूर्ण कर लिया जाए और जो ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण कार्य नही कर रहे है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। दीन दयाल उपाध्याय–ग्रामीण कौशल योजना में प्रगति कम मिली जिसे बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। पेंशन योजनाओं की समीक्षा की और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि पेंशन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को दिया जाए। राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, विधायक मड़ियाहूँ डा0 आरके पटेल, ब्लाक प्रमुखगण, व अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राघौपुर में बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालन करने पर किया गया सीज

मल्लावां हरदोई ।औषधि निरीक्षकस्वागतिका घोष ने बताया है कि विगत दिवस औचक निरीक्षण के दौरान मेसर्स श्री राम मेडिकल स्टोर स्थित–राघौपुर रोड, शुक्लापुर, मल्लॉवा, फर्म मालिकध्स्वीम कृष्ण गोपाल जो कि बिना लाइसेंसी मेडिकल स्टोर का संचालन करते हुए पाया गया है। निरीक्षण के दौरान फर्म के अन्दर से अनुमानित मूल्य 90000ध–रू० (रूपये नब्बे हजार) की औषधि बरामद की गयी है। साथ ही उक्त प्रतिष्ठान को मौके पर सीज कर दिया गया। जिसके क्रम में बृजेश कुमार, सहायक आयुक्त (औषधि)ध्औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) लखनऊ मण्डल, लखनऊ को सूचित करते हुए, उक्त प्रतिष्ठान से 02 एलोपैथिक औषधियों के नमूने लिये गये है लिये गये नमूनों को जाँच एवं विश्लेषण हेतु राजकीय जनविश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ को भेजा जा रहा है। नमूनों की जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त प्रतिष्ठान के विरूद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम–1940 व नियमावली 1945 प्राविधानों के अनुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

# वंशिका सैनी यूपी अंडर–15 महिला क्रिकेट टीम में हुआ चयन

सहारनपुर । जनपद का क्रिकेट और खिलाडी लगातार कामयाबी हासिल कर रहे हैं, सहारनपुर की लड़किया भी लडको से पीछे नहीं इसी क्रम में सहारनपुर की महिला क्रिकेट खिलाड़ी वंशिका सैनी का चयन यूपी अंडर–15 महिला क्रिकेट टीम में हुआ।इस उपलब्धि पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है। सोमवार को एसडीसीए के अध्यक्ष अमर गुप्ता ने बताया के वंशिका दाएं हाथ की बैटर है।नकुड़ के पास एक छोटे से गांव हसनपुर निवासी ओमवीर सैनी की पुत्री है। जो बहुत ही गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। वंशिका के पिता जी ट्रक ड्राइवर है। वंशिका को क्रिकेट का जुनून बचपन से है, जिस के लिए वो रोज साइकिल से 10 किलोमीटर चल कर एकेडमी प्रैक्टिस करने आती है ।अमर गुप्ता ने बताया के एसडीसीए चौयरमेन अकरम सैफी के दिशा निर्देशन में सहारनपुर का क्रिकेट नए आयाम छू रहा है। सहारनपुर के क्रिकेट खिलाड़ी उच्च स्तर पर लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा जिले में महिला क्रिकेट को लगातार प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कामयाबी पर एसडीसीए के पदाधिकारियों राजकुमार राजू , साजिद उमर , पुण्य गर्ग ,सत्यम शर्मा , सैयद मशकूर, परविंदर सिंह , पाली कालड़ा , रवि सिंघल , योगेश गुप्ता , अमित सेठी ,राजीव गोयल (टप्पू) , रणधीर कपुर , विनय कुमार , सचिन सैनी , रविश राठी, भावना तोमर, राजशेखर , सचिन गर्ग , अर्जुन सिंह , शोएब, अर्जुन चौहान , मृदुल गर्ग व खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है।

# डीओ की रात–दिन की मेहनत लाई रंग

चित्रकूट। जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव ने अथक मेहनत कर जिले को भारी राजस्व दिया है। उनकी टीम ने दिन–रात मेहनत कर अवैध शराब कारोबारियों पर अंकुश लगाते हुए पिछले वर्ष 2021–22 में प्राप्त राजस्व 90.99 करोड रुपये की तुलना में 2022–23 में दिसम्बर तक 102.42 करोड रुपये का राजस्व दिया है। तकरीबन 13 करोड रुपये पिछले वर्ष से अधिक का राजस्व देकर विकास में योगदान किया है। जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र यादव ने बताया कि उनकी टीम के लोगों ने जगह–जगह छापेमारी कर अवैध शराब कारोबारियों को दबोचा है। अवैध शराब भारी मात्रा में बरामद कर जिले में शराब से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि की है। पिछले वर्ष 2021–22 में 90.99 करोड रुपये का राजस्व मिला था। इस वर्ष 2022–23 में दिसम्बर माह तक 102.42 करोड रुपये का राजस्व हासिल किया है। तकरीबन पिछले वर्ष की तुलना में ये राजस्व 13 करोड रुपये अधिक है। उनकी टीम ने जिले में जगह–जगह विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 13 करोड रुपये का राजस्व हासिल करने में अथक परिश्रम किया है। उन्होंने बताया कि आगे भी देशी–विदेशी शराब व बियर से इस वर्ष भी ज्यादा से ज्यादा राजस्व देने के प्रयास किये जायेंगे। राजस्व देने में उनकी टीम के आबकारी इं प्रफुल्ल कुमार सिंह ने भी अथक सहयोग किया है।

# प्रधानमंत्री की मां को भाजपाइयों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

चित्रकूट। भाजपा युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के निधन पर श्रद्धांजलि सभा कर दो मिनट का मौनधारण कर दिवंगत आत्मा की शान्ति को ईश्वर से प्रार्थना की। भाजपा युवा मोर्चा की श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां का जीवन खासा संघर्षपूर्ण रहा है। जीवन में तमाम अभाव के बाद भी उन्होंने परिवार को चलाया और अपनी संतानों को अच्छी शिक्षा दी। इसका नतीजा है कि नरेन्द्र मोदी जैसे देशभक्त प्रधानमंत्री मिले हैं। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, लवकुश चतुर्वेदी, दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि अपने नाम के अनुसार नरेन्द्र मोदी जैसा हीरा देश को मिला है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा ने सभा में सभी का आभार जताया। संचालन युवा मोचा महामंत्री प्रमेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर आलोक पाण्डेय, राजीव त्रिपाठी, आशीष पाण्डेय, अरविन्द मिश्रा, जगदीश गौतम, माया प्रजापति, दिनेश पटेल, आनन्द पटेल, महेन्द्र कोटार्य, उज्जवल गुप्ता, जानकीशरण तिवारी, बाबूलाल पटेल, राजेश जायसवाल, अश्वनी अवस्थी, बच्चन त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, श्रवण पटेल, अर्पित जायसवाल, शानू गुप्ता, प्रेमलाल बाल्मीकि, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# छात्रा को गिट्टी लदे हाईवा ने रौंदा

चित्रकूट। स्कूल जा रही छात्रा को ओवरलोड गिट्टी लदे हाईवा ने रौंद डाला है। छात्रा की मृत्यु से गुस्साये ग्रामीणों ने घटना स्थल पर जाम लगाकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शान्त कराने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा सरधुआ थाने के अर्की मोड पर सवेरे आठ बजे हुआ। बताया गया कि गौरी मिश्रा (14) पुत्री पवन मिश्रा निवासी सरधुआ सवेरे स्कूल जा रही थी। ओवरलोड गिट्टी लदा ट्रक राजापुर से कमासिन की ओर जा रहा था। हाईवा ने रास्ते में छात्रा को रौंद डाला। इससे उसकी मृत्यु होने से गुस्साये ग्रामीणों ने घटना स्थल पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। ट्रक चालक फरार हो गया है। गुस्साये ग्रामीणों ने सडक पर जाम लगा दिया। ग्रामीण डीएम को बुलाने की मांग पर अडे रहे। पुलिस ने समझा–बुझाकर यातायात सुचारु कराया। इस बाबत सरधुआ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है। ट्रक चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# नूर बस्ती एकता व्यापार मण्डल का गठन

सहारनपुर । नूर बस्ती एकता व्यापार मण्डल का गठन स्थानीय नूर बस्ती स्थित कार्यालय पर किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने शपथ दिलायी। महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि व्यापार मण्डल व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ता है और हर व्यापारी को सम्मान मिले इसलिए सतत प्रयासरत रहता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी संगठित होकर ही अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ सकता है इसलिए सभी व्यापारी संगठित रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। नूर बस्ती एकता व्यापार संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी के रूप में हाजी बबलू अध्यक्ष, शाहिद भटटी कोषाध्यक्ष, इरफान महामंत्री, मंत्री मुस्तकीम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी शकील के अलावा सदस्यों के रूप में शराफत, शाहजेब, दिलशाद, जहांगीर, अयाज , सलीम, अमीर अहमद, रियाज, सलमान, अब्दुलरहमान को महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने शपथ दिलायी तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किये। इस अवसर पर हिरन मारान एकता व्यापार संगठन के चेयरमैन राजीव गोयल, फरजानुलहक, अध्यक्ष हाजी कमरूज्जमा सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# नगर विकास मंत्री को भाया सहारनपुर का ''डिजीटल कबाड़ वाला''

## लॉक डाउन में नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल व उमंग समिति के सहयोग से शुरु की गयी थी व्यवस्था

सहारनपुर । प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा को सहारनपुर का ''डिजीटल कबाड़ वाला'' ऐसा भाया कि अब वह इसे अनुकरणीय बनाते हुए पूरे प्रदेश में लागू करना चाहते है। उन्होंने इसके लिए नगर निगम सहारनपुर व सहयोगी संस्था सुनहरा कल उमंग समिति को इसका पूरा विवरण और एक ऐप बनाकर देने को कहा है।

लॉक डाउन के दौरान नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल व सुनहरा कल उमंग समिति के सहयोग से एक नयी व्यवस्था ''डिजीटल कबाड़ वाला'' शुरु की गयी थी। लॉकडाउन के दौरान लोगों का सामान्य जीवन काफी अस्त व्यस्त रहा। घरों में तरह–तरह का काफी कचरा एकत्रित होता रहा। इस कचरे से लोगों को निजात दिलाने के लिए ही यह नयी व्यवस्था ''डिजीटल कबाड़ वाला'' शुरु की गयी थी। व्यवस्था के तहत एक व्हा्ट्स ऐप नंबर जारी किया गया। इस नंबर पर लोगों को अपने घरों में एकत्रित गत्ता, कांच, लोहा, टीन, रद्दी कॉपियां, अखबार आदि कचरे का चित्र, अपना पता और मोबाइल नंबर शेयर करना होता था। नंबर शेयर होने पर 'डिजीटल कबाड़ वाला' के रुप में निगम का वर्दीधारी रेहड़े वाला उक्त पते पर जाता था और उस कचरे को लेकर उसका भुगतान कर देता था, जिसे पुर्नचक्रण के लिए भेज दिया जाता था। नगर निगम व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से व्यवस्था से जुड़ी सुनहरा कल उमंग समिति के प्रबंधक मयंक पाण्डेय के मुताबिक लॉकडाउन में करीब छह कुवंटल कचरा घरों से खरीदा गया। उनका कहना है कि यह व्यवस्था अभी भी जारी है, जिन लोगों के पास वह नंबर है, वे उस नंबर पर अपना विवरण डालते हैं तो डिजीटल कबाड़ वाला उनके घर पहुंचता है और उनसे कचरा ले लेता है। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति यदि चाहे तो उस पर जाकर अभी भी देख सकता है कि अखबार, टीन, रद्दी या गत्ते आदि का क्या रेट है। हाल ही में लखनऊ में नगर विकास मंत्री एवं निदेशक नगर विकास के समक्ष स्वच्छ टेक्नालॉजी चौलेंज के अंतर्गत ''डिजीटल कबाड़ वाला'' का प्रदर्शन किया गया। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ''डिजीटल कबाड़ वाला'' से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने मयंक पाण्डेय से इसका पूरा विवरण देने के अलावा ये भी सुझाव दिया कि वह इसका एक ऐप बनवाये ताकि इसे पूरे प्रदेश के निकायों में लागू किया जा सके।

# सपाईयों ने लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि मनाई

सहारनपुर। समाजवाद चिंतक लोकबंधु राजनारायण को आज उनकी पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

आज अम्बाला रोड़ स्थित सपा जिला कार्यालय पर लोकबन्धु राजनारायण को उनकी 36 पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्त्ता ने अपनी भावभीनी श्रद्धाजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष अब्दुल वाहिद ने अपनी श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाजवादी नेता राजनारायण ने अपने जीवन में लंबा संघर्ष किया। उनके संघर्ष का एक सिरा स्वाधीनता आंदोलन से जुड़ा था, तो दूसरा सिरा राजनीति के साथ जुड़ा था। उन्होने 69 साल की अपनी जिंदगी में वे 80 बार जेल गए और उनकी जिंदगी के तकरीबन 17 साल कारावास में ही बीते। इनमें तीन साल आजादी से पहले और 14 साल आजादी के बाद के रहे। उन्होने सदैव आपना जीवन सादगी के साथ समाजवाद को जिन्दा रख अपना संघर्ष जारी रखा। एमएलसी शाहनवाज खान ने कहा कि राज नारायण ने देश की राजनीति में नया मुकाम हासिल किया और सभी को साथ लाने का प्रयास किये रखा। सादगी के साथ राजनारायण ने आजीवन जिस तरह की राजनीति की, वह संघर्ष और वैचारिक प्रतिबद्धता रहे आपने आदर्शो से समझोता नहीं किया ओर अपने संकटमय संषर्ध भरे जीवन में आगे बढ़ते रहे।

पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप वरिष्ठ नेता उस्मान मुखिया ने कहा कि देश में गैर–कांग्रेसवाद की राजनीति का जब भी इतिहास लिखा जाएगा तो उसमें इस समाजवादी नेता के हिस्से कई प्रसंग आएंगे।

समाजवादी विचारधारा को सदैव उन्होने सर्वोंपरि मानकर उन्होने हम सबको उस विचारधारा पर चलने को प्रेरित किया। आज उनके आदर्शॉ और सिद्वान्तो को अपनाना ही उन्हे सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित होगी श्रद्धांजलि देने वालों में जिला पंचायत सदस्य सलीम अख्तर संदीप यादव अब्दुल गफूर जुमला सिंह अमरीश चौटाला मोहम्मद हुसैन जिलानी राजवीर यादव प्रवेश प्रधान शाहनवाज चांद महजबी खान आजु रानी राम कुमार विश्वकर्मा रोहित कटारिया दिलदार अंसारी अमरदीप सिंह विकास शुभम नसीम मलिक गुल्लू मलिक कलीम अहमद सालिम प्रधान हिना सिद्दीकी राशदा नौशाद चौधरी इनाम अंसारी नफीस अंसारी सत्यवीर सिंह वाजिद एहसान पार्षद मुनीर राणा मेहताब अली बानो कुर्बान शौकत अली सतपाल कश्यप इरफान ठेकेदार आजम अंसारी वेदपाल पटनी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस क्षेत्राधिकारी–नकुड अरविंद सिंह पुंडीर हुए सेवानिवृत्त

## होमगार्ड कर्मी बिजेंद्र शर्मा का भी हुआ रिटायरमेंट

सहारनपुर । क्षेत्राधिकारी नकुड अरविंद सिंह पुंडीर का पुलिस विभाग में सेवा काल हुआ पूर्ण ।यानी वे आज सेवानिवृत्त हो गये ।और यही नहीं थाना मण्डी में तेनात होमगार्ड कर्मी बिजेंद्र शर्मा का भी हुआ रिटायरमेंट ।इस मोके पर आज थाना मण्डी में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।जहां पर थाना मण्डी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह सहित अधिकांश थाना स्टाफ ने क्षेत्राधिकारी नकुड एवम होमगार्ड कर्मी का फूल मालाएं पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई ।इस मोके पर थाना मण्डी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा,कि अरविंद सिंह पुंडीर जी ने अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस विभाग एवम जनता के दिलों में एक अलग ही पहचान बनाई ।उन्होंने कहा,कि मेंरी जब सरसावा थाने में तेनाती थी पुंडिर जी के कुशल रव्वैये से बड़ा ही प्रभावित रहा,इनका कार्यकाल भी नकुड क्षेत्र मे सराहनीय योग्य रहा ।इस अवसर पर बोलते हुए थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने यह भी कहा की थाने में तैनात होमगार्ड विजेंद्र शर्मा ने बहुत ही ईमानदारी और कर्मठता के साथ अपने ड्यूटी का निर्वहन किया। उन्होंने कहा की सेवानिवृत्ति एक ऐसा अवसर है जहां किसी व्यक्ति के लिए बोलने के लिए शब्दों की कमी पड़ जाती है,क्योंकि उस समय,,दोनों,,खुशी के पल और दुखद क्षण व्यक्ति की आंखों के सामने छा जाते हैं,उन्होंने कहा,कि सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन रिटायर हो रहे व्यक्ति के काम या योगदान को पहचानने के लिए किया जाता है और विजेंद्र शर्मा ने अपने कार्यकाल में अपनी ड्यूटी को जिस तरह से निभाया है,वह एक मिसाल है उन्हें कहा मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं कि,भविष्य में भी समाज के अंदर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और समाज के अंदर फैली बुराइयों को दूर करने के लिए समाज में अपना योगदान देते रहे ।इस मोके पर थाना मण्डी प्रभारी धर्मेंद्र एवम वरिष्ठ उपनिरीक्षक राशिद अली खां ने क्षेत्राधिकारी नकुड अरविंद सिंह पुंडीर एवम होमगार्ड कर्मी बिजेंद्र शर्मा को शॉल ओढ़ाकर एवम उपहार देकर सम्मानित किया,एवम दोनों को ही खुशी खुशी विदा किया।

# छह को आमरण अनशन करेंगे अखिलेश पाण्डेय

चित्रकूट। रामनगर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर के शिक्षकध्उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को लिखे पत्र में चेताया है कि उसके प्रत्यावेदनों पर विचार न करने से क्षुब्ध होकर वह छह जनवरी को बीएसए कार्यालय में आमरण अनशन को बाध्य होंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्षध्रामनगर ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर के शिक्षक अखिलेश पाण्डेय ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि उनके कार्यालय में अपर शिक्षा निदेशक बेसिक के पिछले एक वर्ष से कई प्रत्यावेदन देने के बाद भी उन्हें न्याय व समानता के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। शिक्षा निदेशक बेसिक ने सात जनवरी को एक माह के अन्दर पदोन्नति पर निर्णय का आदेश दिया था। एक वर्ष बाद भी आदेश का अनुपालन न होने से उनके अधिकारों का हनन हो रहा है।

जबकि उनके साथ समान योग्यता में नियुक्तिध्पदोन्नति पाने वाले शिक्षक प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि तीन मार्च 2021 को उनकी सेवा बहाल होने पर 25 फरवरी 2021 के पदावनति आदेश पर निर्णय हुआ था कि पदोन्नति में शिक्षकों का कोई दोष नहीं है, तत्कालीन बीएसए दोषी हैं। उनके खिलाफ दंड निर्धारण को अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज को एक माह में जांच करने का आदेश हुआ था। तत्कालीन अधिकारी को बचाने की गरज से एक वर्ष बाद भी कोई निर्णय न होने से उनका हित प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि अखिलेश कुमार पाण्डेय कला वर्ग में मौलिक नियुक्ति के आधार पर पदोन्नति को प्रत्यावेदन देते हैं तो नियमानुसार विचार किया जायेगा। बार–बार प्रत्यावेदन देने के बाद भी कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने चेताया कि छह जनवरी को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में आमरण अनशन को बाध्य होंगे।

# गोला के पक्का घाट पर हुआ सरयू महोत्सव का आयोजन श्रद्धालुओ की उमड़ी भारी भीड़





गोला गोरखपुर ।हर साल की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के प्रथम दिन रविवार को सरयू महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे पूरे दिन धार्मिक व सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए वही शाम ढलते ही उपनगर तथा आसपास के गांवों के लोगों ने परंपरागत रूप से उपनगर के सरयू घाटों पर पहुंच कर महाआरती व दीपदान कर स्वागत कर सभी का मंगल कामना की। नदी घाटों पर विभिन्न संगठनों द्वारा बहुत बेहतर तरीके से सजावट किया गया था कई तोरण द्वार बनाए गए था। जो देखते ही बनता था ।शाम होते ही उपनगर के दुकानों को बंद कर श्रद्धालु गण दीपकों से सजी थाली लेकर निकल पड़े। गीत–भजन घंटा–घड़ियाल और शंखध्वनि के बीच वेदमंत्रों के उच्चारण से पूरे उपनगर का माहौल भक्तिमय हो गया। घाटों पर विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा दीपकों को कतार में सजाया गया। इस दौरान स्वयंसेवी संगठनों के लोग ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर दिशानिर्देश देते रहे। इसके बाद आचार्यगणों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरयू की सामूहिक महा आरती शुरू हुई और घाटों पर सजाए गए दीपकों को एक साथ जलाया गया। लोगों ने सरयू में दीपदान कर नव वर्ष में सुख व समृद्धि हेतु मंगलकामना की। इस दौरान घाट से लेकर उपनगर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन चेयरमैन प्रतिनिधि मुराली प्रसाद पूर्व चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार पूर्व नगर अध्यक्ष दिलीप कुमार उमर सभासद अशोक कुमार वर्मा इमरान अंसारी सुदर्शन कसौधन एलपीएम स्कूल के प्रबंधक भागीरथी स्वर्णकार प्रहलााद वर्मा एमडी अमरनाथ वर्मा श्रवण वर्मा पी एच पब्लिक स्कूल कुशलदेईया उरूवा के प्रबंधक मनोज कुमार उमर वैश्य अश्वनी स्वर्णकार मुराली प्रसाद शिव प्रसाद वर्मा आचार्य शांति दास विरेंद्र गुप्ता विद्याधर पांडेय योगेंद्र नाथ सिंह अमित कुमार दुबे विजय जायसवाल रणविजय नन्दलाल जायसवाल संदीप वर्मा रिंकू चौधरी मारकंडे उमर देवेश निषाद सदानंद मझवार दुर्गेश पासवान सहित अधिक संख्या में श्रद्धालु गण महा आरती में मौजूद रहे।

# डीएम ने 2 दिनों के लिए एलकेजी से कक्षा 8 तक के समस्त स्कूलों को किया बंद'

गोरखपुर। अत्याधिक ठंड एवं शीतलहर चलने के कारण छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत जनपद गोरखपुर में संचालित बेसिक शिक्षा विभाग से अनुदानित विद्यालय, निजी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय, मदरसा, सीबीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालय, आईसीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालय एवं समस्त माध्यमिक विद्यालय, जोकि नर्सरी कक्षा 1 से 8 तक संचालित है 02 जनवरी 2023 से 03 जनवरी 2023 तक अवकाश घोषित किया जाता है उपरोक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश का अनुपालन न करने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने अपहृत व्यक्ति को सकुशल किया गया बरामद, चार गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। पीड़ित अजीत कुमार पुत्र अनमोल सिंह वर्मा निवासी मऊजानीपुर थाना देवा जनपद बाराबंकी ने 01 जनवरी 2023 को थाना देवा पर सूचना दिया कि उनके पिता अनमोल सिंह जो काशीराम कालोनी में आलू की खरीद फरोख्त का कार्य करते है तथा रोजाना की तरह 31.दिसम्बर 2022 की शाम को दुकान पर बैठकर किसानों से आलू खरीद रहे थे तभी अज्ञात कार सवार कुछ लोग आये और उनके पिता को जबरन कार में बैठाकर जनपद बहराइच लेकर चले गये तथा फिरौती के नाम पर पांच लाख रुपये की मांग की और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। उक्त सूचना पर थाना देवा पर मु.अ.सं.–03ध2023 धारा 364ए भादवि पंजीकृत किया गया!पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी



के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर अपहृत व्यक्ति को सकुशल बरामद कर सम्बन्धित 04 शातिर अभियुक्तों 1– शिवम जायसवाल पुत्र स्वर्गीय हरीश निवासी प्रियदर्शनी कालोनी थाना मडियांव कमिश्नरेट लखनऊ 2– उमेश वर्मा पुत्र रामपाल वर्मा निवासी भखरौली कनपुरवा थाना कैसरगंज जनपद बहराइच 3– हुकुम सिंह पुत्र विद्याप्रसाद निवासी लोहन्जर थाना देवा जनपद बाराबंकी 4– बृजेश कुमार वर्मा उर्फ चन्दन पुत्र राजकुमार निवासी चकपिटानी थाना कैसरगंज जनपद बहराइच को आज 01 जनवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद एक्सयूवी कार नं0 यूपी 32 ईजेड 2021 बरामद किया गया।अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर प्रकाश में आया कि अपहृत व्यक्ति के ऊपर आलू के विक्रय का रूपये बकाया था जिसके द्वारा रुपये न दिये जाने पर अभियुक्तगण द्वारा जबरन अपहृत व्यक्ति के साथ बल का प्रयोग करते हुए अपने साथ ले जाने व अपने कब्जे में रखकर मृत्यु का भय दिखाते हुए उसके परिजनों से फिरौती की मांग की जा रही थी।

# क्राइम ब्रांच व बभनी पुलिस को मिली बड़ी सफलतौ

**मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अन्तरप्रान्तीय गैंग के 03 नफर अभियुत्तो को 49 किलो 350 ग्राम मादक' 'पदार्थ गांजा (कीमती रुपया 05 लाख) के साथ किया गया गिरफ्तार।'**

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थ बेचने एवं खरीदने वाले गिरोह पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना बभनी पुलिस, एसओजी टीमध्स्वाट टीम एवं सर्विलांस टीम सोनभद्र के अथक प्रयास से आज दिनांक 01.01.2023 को मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अन्तरप्रान्तीय गैंग के 03 अभियुक्तो को 49 किलो 350 ग्राम मादक



पदार्थ गांजा (कीमत लगभग रुपये 05 लाख) के साथ गिरफ्तार कर थाना बभनी पर मु0अ0सं0 01ध2023 धारा 8ध20 ।बज का अभियोग पंजीकृत कर मा0न्या0 के समक्ष भेजा जा रहा है । विवेचना प्रचलित है । 'घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 01.01.2023 को थाना बभनी पुलिस व एसओजीध्स्वाट एवं सर्विलांस टीम द्वारा अम्बिकापुर वाराणसी मार्ग पर प्रधान ढाबा बभनी के पास से 01 अदद हुण्डई इऑन कार में 03 नफर अभियुक्तो के कब्जे से कुल 49 किलो 350 ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं नगद 2600 रुपये बरामद किया गया । 'विवरण पूछताछ–' पूछताछ करने पर अभियुक्त गण द्वारा बताया गया कि हम लोग मादक पदार्थ गांजा उड़िसा से लाकर उसका संगठित रुप से व्यापार करते है जिसे हम वाराणसी व आस–पास के स्थानों पर बेचते है इससे जो भी मुनाफा होता है उसे हम आपस में बाट लेते है।

# नए साल की पार्टी के जश्न में पीट–पीटकर युवक की हत्या

गोरखपुर। कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के मछली गांव के परसौनी टोले पर नए साल के जश्न की पार्टी के दौरान पीट पीटकर युवक की हत्या कर दी गई। सूचना पर तत्काल कैम्पियरगंज व पीपीगंज थानेदार फोर्स के साथ पहुच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर नामजद लोगो पर केस दर्ज किया है।

पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में लिया है। वही एहतियातन गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। जानकारी के अनुसार मछली गांव के परसौनी निवासी रंजू पत्नी राममौल के घर शनिवार यानि 31 दिसम्बर की रात नए वर्ष के स्वागत का जश्न की पार्टी चल रही थी। घर पर डीजे भी चल रहा था और घर के लोग डांस कर रहे थे। तभी वंहा पड़ोस का 22 वर्षीय सोनू पुत्र कृष्ण मुरारी पहुच गया और डीजे पर डांस करने लगा। इस दौरान उसका रंजू के परिजनों से विवाद हो गया। आरोप है कि इसके बाद रंजू, शनि व मनोज पुत्र स्वर्गीय चौथी, रंजू की बहन और मनोज के बहन ने सोनू की जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर तुरंत पुलिस पहुची और सोनू को अस्पताल भिजवाया। अस्पताल जाते समय सोनू की रास्ते मे मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेज दिया। पुलिस ने मृतक सोनू के पिता कृष्ण मुरारी के तहरीर पर नामजद लोगो पर केस दर्ज किया है। वही रंजू पक्ष का आरोप है कि सोनू डीजे पर आंकर नाचने लगा और लड़कियों से छेड़खानी करने लगा। जिसके बाद दोनो पक्ष में मारपीट हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस सम्बंध में एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि युवक की पीटकर हत्या की गई है। मृतक के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महुअरिया में उमड़ा जन सैलाब

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल स्थित पूरी तरीके से चाक–चौबंद रही, एक दिन पूर्व ही सुबह की सरकार दरोगा धर्मराज सिंह, वन दरोगा श्रीकांत मौर्य, समेत प्रशासन की किया और प्रत्येक गाड़ियों की चेकिंग करने के बाद ही पर्यटन स्थल देखने के लिए रवाना किया गया, कानपुर निवासी हिमांशु कटियार ,इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक आदित्य सहित सैकड़ों सैलानियों ने कैमूर वन्य जीव विहार क्षेत्र में नए वर्ष का जश्न मनाया गया शिवजी राय एडवोकेट



पर्यटन स्थल मुख्य केंद्र पर भी नए वर्ष का जश्न जमकर सैलानियों ने मनाया इस दौरान कोतवाल घोरावल गोपाल गुप्ता अपने हमराहीओं के साथ मौजूद रहे,कैमूर वन्य जीव विहार महुआरिया स्थित सैलानियों ने जमकर नववर्ष का जश्न मनाया इस दौरान प्रशासन की व्यवस्था ने सभी पर्यटन स्थलों पर प्रशासन को पूरी तरीके से मुस्तैद रहने हेतु निर्देश जारी किया था परिणाम स्वरूप पुलिस क्षेत्राधिकारी घोरावल संजीव कटियार, वन क्षेत्राधिकारी श्याम नारायण उपाध्याय, शाहगंज थाना अध्यक्ष संजय पाल एवं वन दरोगा शिवम सिंह वनदरोगा सदानंद यादव, वन भारी–भरकम फौज मुस्तैद रही, नए वर्ष पर इस पर्यटन स्थल में मुख्य रूप से इको वैली , लखनिया पेंटिंग्स, ब्लैकबक, ब्यूटी ऑफ सोन, आदि पर्यटन क्षेत्रों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा वहीं दूसरी तरफ प्रशासन के लोग भी शराब ले जाने के लिए पूर्णतया पाबंद अपने अपने फैमिली के साथ कैमूर क्षेत्र के पर्यटन स्थलों का नजदीकी से दीदार किया।सैलानियों में मुख्य रूप से खुशबू संजू अमित और शैलेश तथा गीता मिश्रा भव्य मिश्रा सहित सैकड़ों सैलानी नए वर्ष का जमकर जश्न मनाते नजर आए।

# भाजपा कार्यालय पर हुआ शोकसभा का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल



भवन बलरामपुर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ हीराबेन के निधन पर शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन का निधन शुक्रवार सुबह अहमदाबाद के अस्पताल में हो गया। बुधवार को उनकी तबीयत खराब होने के बाद अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भाजपा कार्यालय अटल भवन पर आयोजित शोकसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह,सदर विधायक पल्टूराम,तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला,पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह,चंद्र प्रकाश सिंह श्गुड्डूश,वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप चंद्र गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह,बृजेन्द्र तिवारी,आद्या सिंह पिंकी,रमेश जायसवाल,जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता,रवि कुमार मिश्रा,वरूण सिंह,बिंदु विश्वकर्मा,जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,जिला मंत्री रामदीन वर्मा,अवधेश तिवारी, सुनीता मिश्रा,डॉ अजय सिंह पिंकू दिलीप गुप्ता,राम कृपाल शुक्ला,देवानंद गुप्ता,संदीप उपाध्याय,दिलीप गुप्ता,कृष्ण गोपाल गुप्ता,अरविंद तिवारी,राकेश गुप्ता,मंजू तिवारी, तुलीशष दूबे,अविनाश मिश्रा सहित तमाम भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ हीराबेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और मौन रहकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।


## बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# पुलिस अधीक्षक ने नव वर्ष पर किया शिव मन्दिर पर पूजन

**ठंड से बचाव हेतु गरीब/असहाय लोगों को किया गया कम्बल का वितरण**



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा नव वर्ष के शुभ अवसर पर शिव मन्दिर बाबा भिच्छुक भिखारी जंगली दास कसारी रामगढ़ में दर्शन– पूजन किया गया । इसके उपरान्त ठंड से बचाव हेतु गरीबध्असहाय लोगों को कम्बल का वितरण करते हुए उन्हे नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गयी । तथा वहां उपस्थित साधु महात्मा से विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर डॉ0 चारु द्विवेदी व साधु महात्मा एवं स्थानीय संभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहें।

## डॉ0 यशवीर सिंह ने कर्मचारीगण को दिया

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा कैम्प कार्यालय पर नव वर्ष के शुभ अवसर पर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण को कुर्सी,केतली व इनर गारमेण्टध्स्वेटर का वितरण किया गया । उपस्थित सभी अधिकारी ध्कर्मचारीगण को मिष्ठान वितरण कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गयी । इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन श्री अमित कुमार, निरीक्षक गोपनीय अच्छेलाल, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां के निधन पर शोक व्यक्त किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल तुलसीपुर के तत्वाधान में प्रधान मंत्री नरेंद्र दास मोदी के मां हीराबेन के निधन पर शोक सभा का आयोजन उदय टावर में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तुलसीपुर अध्यक्ष राम आर्य ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष विष्णु देव गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राम जी आर्य विष्णु देव गुप्ता श्याम बिहारी अग्रहरी रूपचंद्र गुप्ता रामगोपाल कसौधान अरुण देव आर्य पाटेश्वरी कसौधन सुनील सोनी अमन गुप्ता विश्राम सिंह सरदार बबलू सिंह ओम प्रकाश चौरसिया जय सिंह महेश गोयल राजेश कुमार बरनवाल अमित मुन्ना पंडित सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।



# कार्यालय नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद-सिद्धार्थनगर



## नगर पंचायत बिस्कोहर की ओर से समस्त नगरवासियों को नव वर्ष-2023 की मंगल कामना एवं अपील




## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में निकाय को सर्वोच्च स्थान दिलाने में सहयोग प्रदान करें।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

### नगर वासियों से विनम्र अपील

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

- यह नगरे आपका है, आप नगर के सम्मानित नागरिक है, नगर का स्वच्छ,प्रदूषण रहित बनाये रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग करें। अपने घरों का कूड़ा करकट नालियों में न डालें, उसे निश्चित स्थान पर ही रखें।
- सार्वजनिक सड़क, भूमि, पटरी व नालियों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण एक संज्ञेय अपराध है
- नगर पंचायत द्वारा नगर में स्थापित प्रकाश बिन्दु जो अंधेरे में आप के मार्ग दर्शक हैं, को क्षति न पहुचायें।
- नगर पंचायत से भवन मानचित्र स्वी त कराने के बाद ही भवन का निर्माण करें।
- आप अपने नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में सहयोग करें।
- नगर की पथ प्रकाश बिन्दुओं को क्षति न पहुँचायें ।
- जन्म मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर कार्यालय में समय से दर्ज करायें।
- प्रतिबन्धित पालीथीन का प्रयोग न करें, नगर को प्रदूषण से बचायें। जूट कागज से बने थैले का ही प्रयोग करें।
- खुले मैदान या खेतों में शौच के लिए न जाएं, घर में बने शौचालय का प्रयोग करें।
- नगर को हरा-भरा रखने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ जरूर लगाएं।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 हेतु स्वच्छता ऐप (MoHUAAPP) डाउनलोड करें ।
- स्वच्छता ऐप डाउनलोड करें। दूसरों को भी स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें।
- यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।
- छत से कूड़ा न फेंके, फेंकते हुए पकड़े जाने पर नगर पंचायत द्वारा कानूनी कार्यवाही की जायेगी।
- मास्क का प्रयोग करें एवं सामाजिक दूरी बनायें।
- कोविड-19 बचाव हेतु वैक्सीन अवश्य लगवायें भी करें।



**संदीप कुमार**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023



**संजीव रंजन**
जिलाधिकारी,सिद्धार्थनगर



**उमाशंकर**
अपर जिलाधिकारी/(वि.रा)
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय

## दो गज की दूरी। मास्क है जरूरी।।